4 page 1_01.qxd 10/4/2023 4:40 PM Page 1



किसान के खेत से डिस्ट्रीब्यूशन ...

पेज- 8


# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की




गुरुनाम सिंह चढ़ूनी का विवादित ...

पेज- 8

■ वर्ष:1 ■ अंक: 25 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 04 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### एक दिन में दो बार हिली धरती

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया। पानीपत, रोहतक, जींद, रेवाड़ी और पंचकूला आदि में दोपहर बाद 2:51 पर झटके महसूस हुए। इसके साथ चंडीगढ़ में भी धरती हिली। इससे अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.2 थी। भूकंप का केंद्र नेपाल में था।इससे पहले आज सुबह सोनीपत में 2.7 तीव्रता का भूकंप रिकॉर्ड किया गया था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक मंगलवार की सुबह 11.06 सेकेंड पर भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र सोनीपत बताया जा रहा है। धरती के 8 किलोमीटर नीचे हलचल दर्ज की गई है।

### रोहतक में नशे पर बस स्टैंड समेत 7 जगह रेड

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मंगलवार को रोहतक में नशा तस्करों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया। जिसके तहत डॉग स्क्वायड के साथ हथियारबंद टीम फील्ड में उतरी। टीम ने नशा तस्करों के घर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थानों को खंगाला। वहीं लोगों को भी जागरूक किया।
हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो पुलिस उपअधीक्षक सतेन्द्र कुमार एवं यूनिट रोहतक के इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि रोहतक यूनिट ने नशे के हॉट स्पॉट इलाकों में बिना बताए रेड की है। चिह्नित घरों की तलाशी ली गई है। इस अभियान में उन घरों की तलाशी ली गई, जिनके ऊपर पहले से एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज हैं।

### चार आईपीएस और 46 एचपीएस का तबादला



**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में सरकार ने बड़ा फेरबदल किया है। मंगलवार को चार आईपीएस और 46 एचपीएस का तबादला कर दिया गया। इनमें साउथ रेंज रेवाड़ी के आईजी राजेंद्र कुमार को हरियाणा स्टेट इन्फॉर्समेंट ब्यूरो का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। हिसार के एसपी गंगाराम पूनिया को यमुनानगर का नया एसपी बनाया गया है।
यमुनानगर के एसपी मोहित हांडा अब हिसार के नए एसपी होंगे।एचपीएस अधिकारियों में कुलदीप सिंह को गुरुग्राम से बदलकर कैथल के गुहला का एसपी लगाया गया है। अशोक कुमार को हिसार का डीएसपी लगाया गया है। जोगिंदर शर्मा को अंबाला से बदलकर कालका का एसीपी लगाया गया है।

## सियासत गरमाई : चौधरी बीरेंद्र सिंह के भ्रष्टाचार के आरोपों पर जेजेपी का पलटवार

# या तो सबूत दें या फिर केस के लिए रहें तैयार: दिग्विजय

### जेजेपी के प्रधान महासचिव बोले, बीरेंद्र, हुड्डा और अभय एक सप्ताह में प्रमाण सार्वजनिक करें अन्यथा मानहानि केस के लिए तैयार रहें

**शशिभूषण सैनी , भरोसा मित्र**

चंडीगढ़ । उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के आरोपों पर जननायक जनता पार्टी ने चुप्पी तोड़ी है। जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने मंगलवार को कहा कि हमारे ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले लोग हमारी खामोशी को कमजोरी समझने की गलती ना करें। अगर इन नेताओं ने एक सप्ताह के भीतर अपने आरोपों पर माफी नहीं मांगी अथवा आरोपों को साबित करने के लिए प्रमाण सार्वजनिक नहीं किये तो उनके विरुद्ध अदालत में मानहानि के केस दायर किये जाएंगे। चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में दिग्विजय चौटाला ने अपने चाचा इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी, हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू और अपने चचेरे भाई अर्जुन चौटाला के विरुद्ध अदालत में मानहानि के केस दायर करने की चेतावनी दी है। दिग्विजय ने कहा कि अब पानी सिर से ऊपर गुजर चुका है। हमारे ऊपर शराब घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, धान घोटाला और हिसार एयरपोर्ट की जमीन खरीद के घोटाले के आरोप लगाये गये। इनके द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों की तमाम रिकार्डिंग पार्टी के पास मौजूद है। हम सिर्फ इसलिए चुप थे कि समय आने पर जवाब देंगे।



### बीरेंद्र सिंह ने जेजेपी को नहीं, बल्कि भाजपा को चुनौती दी है

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि बीरेंद्र सिंह ने जींद रैली में जेजेपी को नहीं, बल्कि भाजपा को चुनौती दी है। वह भाजपा के कार्यों को गलत ठहराने पर लगे रहे और कांग्रेस व सोनिया गांधी की तारीफ करते रहे। ऐसे में भाजपा व कांग्रेस को यह जवाब देना होगा कि वे बीरेंद्र सिंह के भाजपा विरोध और कांग्रेस प्रेम को कैसे देखते हैं। जेजेपी नेता ने राजस्थान के सीकर में हुई रैली को कामयाब बताते हुए कहा कि हर कोई यहां तक कि मेरे चाचा अभय सिंह भी इस रैली में जमा हुई भीड़ से बौखला गये हैं। इसलिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। यदि हम अपने कार्यकर्ताओं को सीकर रैली के बाद श्याम खाटू जी महाराज और सालासर बालाजी महाराज के दर्शन कराने ले गये तो इसमें किसी को क्या दिक्कत है।

### भाजपा ने बीरेंद्र सिंह से पूछकर गठबंधन नहीं किया था

भारतीय जनता पार्टी के साथ भविष्य के गठबंधन से जुड़े सवाल पर दिग्विजय चौटाला ने पूरी तरह से पत्ते खोल दिये। उन्होंने कहा कि हम एनडीए का हिस्सा हैं और हमारी कोशिश राजस्थान में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की है। हरियाणा में बीरेंद्र सिंह से पूछकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं किया था और उनसे पूछकर तोड़ेगी भी नहीं। भाजपा के साथ चलने के लिए हम पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। जेजेपी के कार्यकर्ता और प्रदेश की जनता दुष्यंत चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री देखना चाहती है। उसी सोच के अनुरूप हम राज्य की सभी 10 लोकसभा और 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। 2024 के चुनाव में यदि भाजपा के साथ जेजेपी का गठबंधन होता है तो तब की क्या स्थिति होगी, उस बारे में अभी कहना जल्दबाजी होगी।

### बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में आना चाहते हैं तो संपर्क कर सकते हैं : उदयभान

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान सिंह ने कहा है कि चौधरी बीरेंद्र सिंह अगर कांग्रेस में आना चाहते हैं तो वह संपर्क कर सकते हैं पार्टी उनके बारे में सोचेगी कि वापस लेना है या नहीं कांग्रेस पार्टी में यह फैसला हाईकमान करता है।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम अपनी तरफ से पार्टी हाईकमान को अपनी राय दे देंगे कांग्रेस पार्टी ने बीरेंद्र सिंह को पूरा मान सम्मान दिया था मगर वह न जाने किसी लालच और किस उद्देश्य को लेकर बीजेपी में चले गए थे उनका बीजेपी में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ यही कारण है कि उनको कांग्रेस की याद आ रही है अब यह कांग्रेस नेतृत्व को सोचना और देखना है कि वह बीरेंद्र सिंह पर भरोसा करना ठीक रहेगा या गलत। चौधरी उदयभान ने कहा कि आज प्रदेश के हर कोने में कांग्रेस की चर्चा है कांग्रेस हरियाणा में भारी बहुमत के सरकार बनाने जा रही है अब तक चार दर्जन से अधिक पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं प्रतिदिन कांग्रेस में शामिल होने वालों की कतारें लग रही है।

## बीरेंद्र सिंह बोले, हम इन्हे अदालत में भी नंगा करेंगे



पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी दिग्विजय सिंह चौटाला के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जेजेपी को अदालत में जरूर जाना चाहिए हम उन्हें अदालत में भी नंगा करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि हमारे पास सैकड़ो लोग आकर बताते हैं कि जेजेपी में रिश्वत का खुला खेल चल रहा है। उन्होने कहा कि जेजेपी भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने का काम कर रही है। भ्रष्टाचार जेजेपी फैला रही है जबकि बदनामी भाजपा की भी हो रही है हम अदालत में इस बात को प्रमाणित करेंगे की किस तरीके से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को अपनी मेरी आवाज सुनो रैली में जेजेपी और विशेष तौर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर खुलकर भ्रष्टाचार फैलाने के आरोप लगाए थे। बीरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि जेजेपी के नेता सरेआम कमीशन मांगते हैं उन्होंने आरोप लगाया था कि जेजेपी के नेता जनता को बहुत बड़ा धोखा दे रहे हैं रैली में रैली में उन्होंने खुलकर कहा कि जेपी के नेता अगर सीधे जाओ तो 8 प्रतिशत और अगर किसी के माध्यम से जाओ तो 10 प्रतिशत कमीशन मांगते हैं बीरेंद्र सिंह का आरोप था कि जिसमें लोग चौधरी देवीलाल की छवि देखते थे वह डिप्टी सीएम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है आज बीरेंद्र सिंह के इसी बयान पर जजेपी के महासचिव दिग्विजय चौटाला काफी आक्रामक नजर आए और उन्होंने बीरेंद्र सिंह को चेतावनी देते हुए कहा कि वह यह साबित करके दिखाएं की उन्होंने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

### इनको दुष्यंत चौटाला से डर लगता है

जेजेपी नेता ने कहा कि हम स्व. देवीलाल की चौथी पीढ़ी हैं। समय-समय पर स्व. देवीलाल, हमारे दादा ओमप्रकाश चौटाला, पिता अजय सिंह चौटाला और अब भाई दुष्यंत चौटाला पर आरोप लगे हैं, लेकिन इन आरोपों के पीछे सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक सोच छिपी है।

### कैप्टन अजय सिंह बोले, बीरेंद्र सिंह पुराने कांग्रेसी, पार्टी में आए तो उनका वेलकम



कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह पुराने कांग्रेसी है अगर वो दोबारा कांग्रेस में आना चाहते हैं तो पार्टी में उनका वेलकम है। और उनके पार्टी में आने से मुझे कोई आपत्ती नहीं है। कैप्टन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक समुंद्र है कोई भी आ सकता है। उन्हाने कहा कि चौधरी बीरेंद्र सिंह जेजेपी से विचलित हो चुके हैं इसलिए उनको कांग्रेस की याद आ रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं एक सोच है। आज भाजपा से हर वर्ग परेशान और दुखी है इसलिए देश और प्रदेश की जनता ने भाजपा सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है।

# नूंह हिंसा: कांग्रेस विधायक मामन खान जेल से रिहा

## 18 अक्टूबर तक मिली अंतरिम जमानत

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । नूंह हिंसा मामले में मेवात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए विधायक मामन खान इंजीनियर को मंगलवार के दिन दो मुकदमों में भी जमानत मिल चुकी है। विधायक मामन खान इंजीनियर को इससे पहले दो मुकदमों में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। अब वह जेल से रिहा हो गए हैं। आपको बता दें कि नूंह हिंसा मामले में पुलिस ने विधायक मामन खान को 148 ,149 ,150 और 137 नंबर मुकदमे में गिरफ्तार किया था। विधायक मामन खान इंजीनियर की जहां 30 सितंबर को 149 और 150 नंबर मुकदमे में जमानत हो चुकी थी ,वही वह 137 और 148 नंबर मुकदमे में न्यायिक हिरासत में थे। मंगलवार को जब अदालत में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई तो लगभग 1 घंटे चली दोनों पक्षों के वकीलों में काफी बहस हुई और दोनों पक्षों के वकीलों की बात



### 18 अक्टूबर को दोबारा अदालत में पेश होंगे विधायक


अदालत ने सुनी और अपना फैसला सुरक्षित रखा और अदालत ने अपना फैसला दोपहर बाद सुनाने का निर्णय लिया। दोपहर बाद अदालत वकीलों से खचाखच भर गई और लोग अदालत के फैसले का बेसब्री से इंतजार करने लगे। सांय 4 बजे लोगों में इस फैसले को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिला। सांय पांच बजे जब एक वकीलों की टीम अदालत में गई और अदालत ने अपना फैसला सुनाया तो सभी लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला और विधायक मामन खान को अदालत ने 18 अक्टूबर तक अंतिम जमानत देने का फैसला सुनाया। जैसे ही अदालत से वकीलों की टीम बाहर निकाली और उन्होंने बताया कि विधायक मामन खान को जमानत मिल चुकी है तो बाहर खड़े लोगों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला। पुलिस द्वारा अदालत में बताया गया है कि विधायक मामन खान इंजीनियर के लैपटॉप और मोबाइल से डाटा डिलीट हो गया था, जिसकी रिकवरी पुलिस को करनी है। इसलिए विधायक को 18 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी गई है। 18 अक्टूबर को विधायक दोबारा अदालत में पेश होंगे। अगर मोबाइल में विधायक के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले तो उन्हें रेगुलर जमानत मिल जाएगी।

## प्रधानमंत्री ने तेलंगाना को दी 8000 करोड़ की सौगात

# भ्रष्टाचारी मेरे बगल में बैठकर ताप सहन नहीं कर सकता: नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली एजेंसी।**

प्रधानमंत्री ने निजामाबाद में कि 'कोई भ्रष्टाचारी मेरे बगल में बैठकर ताप सहन नहीं कर सकता है, इसलिए वह भाग रहे हैं। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के निर्माण के लिए हजारों परिवार संघर्ष करते-करते तबाह हो गए और बड़ी संख्या में नौजवानों ने जीवन का बलिदान कर दिया, लेकिन आज एक परिवार ने सब कुछ पर 'कब्जा कर लिया। पीएम मोदी ने तेलंगाना में बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की लगभग 8,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना के तहत बनाए जा रहे 800 मेगावॉट के संयंत्र के पहले चरण का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री (पीएमओ) कार्यालय के मुताबिक, इसके जरिये तेलंगाना को सस्ती बिजली मिलेगी और राज्य के आर्थिक विकास में तेजी आयेगी तथा यह देश में पर्यावरण हित के सभी मानदंडों को पूरा करने वाले बिजली स्टेशनों में शामिल हो जायेगा। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा मनोहराबाद और सिद्दीपेट के बीच नई रेलवे लाइन और धर्माबाद और मनोहराबाद के बीच रेलवे लाइन के विद्युतीकरण का भी लोकार्पण किया। उन्होंने सिद्दीपेट-सिकंदराबाद-सिद्दीपेट रेल सेवा को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### बोले, तेलंगाना में एक परिवार का कब्जा

मोदी ने कहा कि तेलंगाना में बस एक ही परिवार ने यहां के लाखों परिवारों के सपनों पर कब्जा कर लिया है। वर्तमान तेलंगाना में या तो वह (केसीआर) खुद हैं या उनके बेटे हैं या उनकी बेटी है या उनके भतीजे हैं या उनके भांजे हैं या चाहे उनके ससुराल वाले हैं। कोई बचा ही नहीं है। क्या आपने कभी सोचा है कि वह कैसे आपके एक वोट का उपयोग अपने परिवार को अमीर बनाने में कर रहे हैं। इन लोगों ने तेलंगाना में भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

### 20 प्रखंडों का किया शिलान्यास


प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में स्वास्थ्य अवसंरचना को गति देने के प्रयासों के तहत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत पूरे राज्य में गहन चिकित्सा सुविधा के 20 प्रखंडों का शिलान्यास किया। इन प्रखंडों को आदिलाबाद, भद्राद्रि कोठागुडेम, जयशंकर भूपलपल्ली, जोगुलांबा गडवाल, हैदराबाद, खम्मम, कुमुरम भीम आसिफाबाद, मनचेरियाल, महबूबनगर (बेड़ापल्ली), मुलूगू, नगरकुरनूल, नलगोंडा, नारायणपेट, निर्मल, राजन्ना सिरकिला, रंगारेड्डी (महेश्वरम), सूर्यपेट, पेडापल्ली, विकाराबाद और वारंगल (नरसमपेट) जिलों में निर्मित किया जायेगा।

## चीन से फंडिंग मामला: न्यूजक्लिक के 30 ठिकानों पर रेड, आफिस सील

**नई दिल्ली एजेंसी।**

दिल्ली पुलिस ने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिए धन लेने के आरोप में आतंकवाद निरोधी कानून गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में समाचार पोर्टल 'न्यूज़क्लिक के कार्यालय को सील कर दिया है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मंगलवार को समाचार पोर्टल और उसके पत्रकारों से जुड़े 30 ठिकानों की तलाशी ली। पुलिस ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में केंद्रित तलाशी के दौरान अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को समाचार पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली स्थित कार्यालय ले जाया गया, जहां एक फॉरेंसिक टीम मौजूद थी। सूत्रों ने कहा कि जिन पत्रकारों से पूछताछ की गई उनमें उर्मिलेश, अनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजॉय गुहा ठाकुरता के साथ-साथ इतिहासकार सोहेल हाशमी भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने उन्हें उनकी विदेश यात्रा, दिल्ली के शाहीन बाग में संशोधित नागरिकता अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ-साथ किसानों के आंदोलन सहित विभिन्न मुद्दों से संबंधित 25 प्रश्न पूछे।

### लैपटॉप और मोबाइल फोन का डंप डेटा जब्त



इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी 'न्यूजक्लिक के वित्त पोषण के स्रोतों की जांच के तहत कंपनी के परिसरों पर छापे मारे थे। विशेष प्रकोष्ठ केंद्रीय एजेंसी से मिली जानकारी के आधार पर छापे मार रहा है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने यूएपीए के तहत एक नया मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने 'न्यूजक्लिक के कुछ पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन का 'डंप डेटा (किसी कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल से किसी दूसरे उपकरण में स्थानांतरित किया गया डेटा) बरामद किया।

## ट्रेन में देखने को मिली भारत की झलक, राहुल गांधी ने शेयर किया रेल यात्रा का वीडियो

**नई दिल्ली एजेंसी।**

महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों द्वारा खेल की बारीकियों पर चर्चा करना, लड़कियों के एक समूह का गीत गाना, जातिगत भेदभाव पर एक कलाकार के अपने विचार साझा करने सहित वास्तविक भारत की कुछ और झलक कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिलासपुर से रायपुर की अपनी हालिया रेल यात्रा में देखी।



कांग्रेस ने दो घंटे की इस रेल यात्रा का 13 मिनट लंबा वीडियो मंगलवार को जारी किया, जिसे पार्टी ने 'भारत जोड़ो यात्रा को जारी रखने और देश को एकजुट करने के अपने पूर्व अध्यक्ष का प्रयास बताया। राहुल ने भी 25 सितंबर की अपनी छत्तीसगढ़ यात्रा का वीडियो साझा किया। उनके साथ सफर करने वालों में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हैं।

# गैंगस्टर कौशल चौधरी ने किया सुसाइड का प्रयास

## पुलिस कस्टडी में गर्दन पर चलाई शेविंग मशीन

### कौशल चौधरी को 2021 में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

गुरुग्राम। पुलिस रिमांड पर चल रहे कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या करने की कोशिश की। पालम विहार क्राइम ब्रांच पुलिस कौशल चौधरी को एक मामले में तफ्तीश के लिए प्रोडक्शन वारंट पर ले कर आई थी। गैंगस्टर ने वहां पर दाढ़ी (शेव) बनाने वाली मशीन से गर्दन की नस काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार दिलाया। जानकारी अनुसार गैंगस्टर कौशल चौधरी ने पुलिस से गुहार लगाई थी कि उसी बढ़ी हुई दाढ़ी को कटवा दें। इसके बाद पुलिस द्वारा आसपास के सैलून से एक नाई को बिना किसी धार धार हथियार के कौशल की शेविंग के लिए बुलाया था। पुलिस का दावा है कि इस दौरान कौशल ने मशीन से शेविंग के दौरान अपनी गर्दन की नस काटने की कोशिश की। हालांकि मौके पर निगरानी में लगे क्राइम ब्रांच के कर्मियों ने उसकी सुसाइड की मंशा को नाकाम कर दिया।कौशल चौधरी को 2021 में एसटीएफ और गुरुग्राम पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया गया था। तब से गैंगस्टर कौशल तमाम संगीन मामलों में ट्रायल भुगत रहा है।



### लॉरेंस से है 36 का आंकड़ा

गौरतलब है कि गैंगस्टर कौशल के खिलाफ उत्तर भारत मे हत्या, हत्या के प्रयास, फ़िरौती, रंगदारी, लूट समेत दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं। इन केसों में विभिन्न कोर्टों में कौशल के खिलाफ सुनवाई चल रही है। पंजाब के गैंगस्टर देविंदर बंबीहा की हत्या के बाद कौशल चौधरी ही उसके गैंग की कमान संभाले हुए है। पंजाब में ही लॉरेंस के कई साथियों की हत्या को अंजाम दे चुका है। इसके चलते लॉरेंस और कौशल चौधरी में छत्तीस का आंकड़ा बना हुआ है।

**सर्वदलीय बैठक**

## भाजपा ने उपजातियों की अलग-अलग गणना पर सवाल उठाए

# नीतीश बोले, आरक्षण बढ़ाने पर करेंगे विचार

**पटना, एजेंसी।**

बिहार में जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। सचिवालय में हुई करीब ढाई घंटे तक चली बैठक में भाकपा माले और आईएमआईएम ने आरक्षण बढ़ाने की मांग उठी, इस पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस पर विचार करेंगे। बैठक के दौरान ही सीएम ने अधिकारियों को जातीय गणना के आंकड़ों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विश्लेषण करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले विधानसभा सत्र से पहले आर्थिक विश्लेषण का आंकड़ा भी जारी कर दिया जाएगा। बीजेपी नेता हरि सहनी ने कुछ जातियों में उपजातियों की अलग-अलग गणना पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि कुछ जातियों की उपजातियों के साथ गणना हुई, कुछ की बिना उपजातियों के हुई है। ये गलत है, इससे उनका विकास कैसे होगा? बता दें कि बिहार में दो साल बाद नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इससे पहले अगस्त 2021 में नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। तब सीएम नीतीश एनडीए का हिस्सा थें। सीएम ने आज जातीय गणना के आंकड़ों को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसमें बीजेपी के बड़े नेता भी शामिल हुए थे।



### शकील अहमद बोले, बिहार सरकार ने अपने खर्चे से कराया जातीय गणना

कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने बैठक के बाद बताया कि भाजपा ने जातीय गणना को इनकार किया तो बिहार सरकार ने अपने खर्चे से इसे कराया है। ये एक अच्छा काम है। इसका असर भी बहुत अच्छा होगा। आर्थिक स्थितियों पर बात हुई। उन्होंने कहा कि गणना की डिटेल जानकारी अगले विधानसभा सत्र में आ जाएगी।

### राहुल के बयान पर अभिषेक मनु सिंघवी ने जताई असहमति

**नई दिल्ली।** बिहार सरकार ने जातिगत आधारित जनगणना की रिपोर्ट को जारी कर दिया है। बिहार सरकार के इस निर्णय का विपक्षी नेताओं ने समर्थन किया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जितनी आबादी, उतने हक की बात कही है। हालांकि, पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने राहुल गांधी के बयान पर असहमति जताई है। सिंघवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जातिगत आधारित जनगणना रिपोर्ट को लेकर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा था कि अवसर की समानता कभी भी परिणामों की समानता के समान नहीं होती।

# भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत

## राष्ट्रीय भूकप केन्द्र के मुताबिक दूसरी बार आया भूकंप का केन्द्र नेपाल में जमीन की सतह के नीचे 8 किलोमीटर रहा

**जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। पहले भी सोहना आसपास क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र




**सोहना ।** अरावली पर्वत की श्रंखलाओं से घिरी शिवनगरी सोहना में 2.2 तीव्रता वाले आए भूकंप के 24 घंटे के भीतर ही दोबारा से मंगलवार को दोपहर 2 बजकर 52 मिनट पर 6.2 तीव्रता वाले भूकंप के झटकों ने लोगों में बेचैनी का माहौल बना दिया है। दूसरी बार आए भूकंप की तीव्रता 6.2 रही। राष्ट्रीय भूकप केन्द्र के मुताबिक दूसरी बार आया भूकंप का केन्द्र नेपाल में जमीन की सतह के नीचे 8 किलोमीटर रहा। इस भूकंप के झटके सोहना के साथ-साथ एनसीआर क्षेत्र और सोहना के साथ लगते मेवात तथा चंडीगढ़, जींद, पानीपत समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में महसूस किए गए। नूंह में भूकंप की तीव्रता के चलते लघुसचिवालय का भवन हिलता सा नजर आया। चौबीस घंटे के भीतर दूसर बार भूकंप के झटकों से लोग खौफजदा हो गए है। वैज्ञानिकों की माने तो हिंदूकुश रिजन में इंडियन और यूरोसियन प्लेट में टकराव के बाद इंडियन प्लेट से टूटा एक अस्थिर हिस्सा है, जो नीचे धंस रहा है, यही वजह है कि हिंदूकुश में बाकी हिमालयी क्षेत्र के मुकाबले अधिक गहराई पर भूकंप आ रहे है। चालू वर्ष का यह 5वां बड़ा भूकंप है। आज आए भूकंप के तेज झटके महसूस होते ही हड़बड़ाहट में लोग अपने घरों से निकल कर बाहर की तरफ भागे। भूकंप की तीव्रता 6.2 बताई गई। यहां पर एमवीएन सोसायटी में रहने वाले सरदार तजिन्द्र सिंह, आशियाना अनमोल सोसायटी में रहने वाले आरडब्लयूए प्रधान रामगौतम तथा चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, जीएलएस होम्स सोसायटी में रहने वाले नगरपार्षद मनोज अवाना, गांव बालूदा में रहने वाले नगरपार्षद नितिन यादव, सुंदर सिंह चौहान, गुर्जरघाटी में रहने वाले सूरज सैनी, राजेश सैनी, गांव धुनेला में रहने वाले बलजीत यादव ने बताया कि भूकंप के झटके इतने तेज थे कि हर व्यक्ति ने महसूस किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। पहले भी सोहना आसपास क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस वक्त इसका केन्द्र नेपाल में था। इस बार नेपाल में इसका केन्द्र बताया गया है। जिससे लोग खौफजदा हो गए है। देखने वाली बात ये रही कि जब यह भूकंप आया तो भूकंप को आया देख लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। ध्यान योग्य ये है कि लॉकडाउन से अब तक 28 बार से ज्यादा बार भूकंप आ चुके है लेकिन वह इतने तीव्र नही थे, जितने तीव्र झटके इस बार आए भूकंप के दौरान देखने को मिले। हालांकि भूकंप के झटके कुछ सैकेंड महसूस किए गए लेकिन खौफजदा लोग काफी देर तक डर के मारे खुले स्थानों पर रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भूकंप की तीव्रता इससे अधिक होती तो भारी नुकसान हो सकता था। हिपा में आपदा प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डाक्टर अभय श्रीवास्तव की माने तो रिक्टर स्केल पर 6.2 मैग्नीटयूड कम नही होती है। वर्ष-1960 के दौरान साइबरसिटी से दिल्ली के बीच 6.0 मैग्नीटयूड का भूकंप आया था। उस वक्त काफी भारी नुकसान हुआ था। इस बार आए भूकंप के दौरान भूकंप से यहां पर किसी भी तरह की जान-माल के नुकसान की जानकारी नही मिली है।

## खबर फटाफट

### गठबंधन सरकार से आम जनमानस परेशान : गुर्जर

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता कुलदीप गुर्जर रामगढ़ का कहना है कि जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों से आज आम जनमानस परेशान है और सत्ता में बदलाव लाना चाह रहा है। उन्होने कहा कि देश व प्रदेश में बदलाव की लहर के चलते लोग अब कांग्रेस की तरफ निहार रहे है क्योकि गठबंधन सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी करके समाज में बिखराव लाने के साथ-साथ महंगाई, लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होने यह भी दावा जताया कि कई राज्यों में आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत से सत्ता में आएगी क्योकि देश व प्रदेश की जनता ने दोगली नीति अपनाने वाली भाजपा को वोट की चोट से घर बैठाने का मन बना लिया है।

### ईंटों के दाम खा रहे उछाला

**सोहना ।** शिवनगरी सोहना और एनसीआर क्षेत्र में ईंट-भटटों की चिमनी से अगले वर्ष एक मार्च से पहले धुआ निकलता नही दिखाई देगा। यदि कोई ईंट-भटटा संचालक जारी आदेशों की अवहेलना कर चोरी-छिपे ईंट-भटटा चलाएगा तो प्रशासन उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई अमल में लाने में देरी नही करेगा। कई ईंट-भटटा संचालकों ने बताया कि सुप्रीमकोर्ट ने आदेश जारी कर वर्ष-2024 में पहली मार्च से एनसीआर क्षेत्र में ईंट-भटटे चलाने के निर्देश दिए है और सुप्रीमकोर्ट के आदेशों की अनुपालना करने के लिए ईंट-भटटा एसोसिएशन की तरफ से एक कोर कमेटी बनाई गई है। साथ ही प्रत्येक ईंट-भटटा संचालक को सुप्रीमकोर्ट के जारी किए गए आदेशों से अवगत कराते हुए आग्रह किया गया है कि प्रत्येक ईंट-भटटा संचालक सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का ईमानदारी से पालन करे। कोर कमेटी भी इस बात पर बारीकी से निगाह रखेगी कि कोई ईंट-भटटा संचालक चोरी-छिपे तरीके से ईंट-भटटा तो नही चला रहा है।

### 5 में कांग्रेस का लहरेगा परचम : खटाना

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका ने दावा किया है कि आगामी 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में चुनावों से पहले ही मतदाताओं का रूझान कांग्रेस की तरफ नजर आ रहा है। उन्होने कहा कि विभिन्न टेलिविजन चैनलों पर आ रहे विधानसभा चुनावों के सर्वे में कांग्रेस पार्टी अन्य सभी पार्टियों से आगे चल रही है। जिससे जाहिर है कि पांचों राज्यों में कांग्रेस पार्टी की भारी बहुमत से जीत होगी और पांचों राज्यों में स्पष्ट बहुमत हासिल कर कांग्रेस सरकार बनाएगी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका ने कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त लहर चलने का दावा करते हुए कहा कि इस बात का अंदाजा इसी बात से बखूबी लगाया जा सकता है कि भाजपा को डूबता हुआ जहाज समझ पिछले 6 महीनों में राज्य के 32 पूर्व विधायक और कई मंत्री तथा विभिन्न खापों, संगठनों के नेताओं के साथ-साथ अनेकों जनप्रतिनिधि अपने तमाम समर्थकों समेत कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। जिससे साफ नजर आ रहा है कि आगमी विधानसभा चुनावों के बाद हरियाणा विधानसभा में स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री का ताज दोबारा से चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा के सिर पर सजेगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, हरिओम छोकर एडवोकेट, ओमप्रकाश माठू, मनीष गौड, मोहित शर्मा, नितिन अग्रवाल एडवोकेट, अशोक रोहिल्ला, व्यापारी नेता भारतभूषण सिंगला, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास समेत कांग्रेस के मौजूद स्थानीय नेताओं ने दावा किया है कि आगामी 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में चुनावों से पहले ही मतदाताओं का रूझान कांग्रेस की तरफ नजर आ रहा है।

### कांग्रेस ने दिया आशावर्करों को समर्थन

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार पर आशावर्करों को जान-बूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि सरकार आशावर्करों की जायज मांग होने के बावजूद मांगों को मानने की बजाय अनदेखी बरत रही है, जो ठीक नही है। इस मौके पर उन्होने हड़ताली आशावर्करों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से खुला समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश में सरकार बनने पर आशावर्करों की सभी मांगों को स्वीकृत किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता बाबू प्रदीप खटाना रिठौजिया ने बताया कि लंबे समय से आशाएं अपनी मांगों को लेकर धरनाप्रदर्शन करते हुए आवाज उठा रही है। कई बार आशावर्करों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार को मांगपत्र भी सौंपे गए है। फिर भी सरकार और संबंधित विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है और मांगों पर ध्यान नही दे रहे है। उन्होने कहा कि आशावर्कर मांग कर रही है कि आशा का वेतन 26 हजार रुपए माहवार किया जाए। सभी आशाओं को पक्का किया जाए। स्थाई काम-स्थाई रोजगार प्रणाली लागू की जाए। उनसे ली जा रही बेगारी पर रोक लगाई जाए और आशावर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इंसेटिव में 50 प्रतिशत की गई कटौती को बहाल किया जाए।

### शहीद पत्रकारों की स्मृति में राष्ट्रीय स्मारक बनाना स्वागत योग्य

**सोहना ।** यहां पर सामाजिक संस्थि उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा ने उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा कोविडकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए शहीद होने वाले देश भर के पत्रकारों की याद में ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बहत्तर में शहीद पत्रकार राष्ट्रीय स्मारक बनाए जाने का स्वागत किया है और इसे शहीद पत्रकारों के सम्मान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा लिया गया ऐतिहासिक व दूरदर्शी निर्णय बताया है। उन्होने बताया कि शहीद पत्रकार राष्ट्रीय स्मारक को त्रिकोणीय आकार में बनाया गया है, जो गोलाकार आधार पर टिका है। इसकी ऊंचाई 6 मीटर है। इस स्मारक के त्रिकोणीय होने से यह मीडिया की 3 धाराओं को संदर्भित करती है। इसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया को समावेश किया गया है। इस स्मारक में कीमती काला संगमरमर पत्थर लगाया गया है।

### सरकार पूरे देश में कराए जातीय गणना : सिंह

**सोहना ।** शिक्षाविद व सहायक प्रोफेसर होशियार सिंह ने बिहार सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना के आंकड़े जारी किए जाने का स्वागत करते हुए केन्द्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना करानी चाहिए। आज के वक्त में सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों को मजबूत प्रदान करने और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए जातिगत जनगणना बहुत ही आवश्यक हो गई है क्योकि जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय का आधार है ताकि जिनकी जितनी आबादी है, उन्हे उसी आधार पर उनका पूरा हक मिले। उन्होने कहा कि बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी और एसटी 84 प्रतिशत है। जिससे साफ जाहिर है कि अब पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग ही देश में भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेगा।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या

**उमेश।** सोहना ब्लाक के आदर्श गांव खेड़ला में आज अपने घर से सब्जी लेने गए 35 वर्षीय मुनेश उर्फ मोनू की हमलावरों ने घेरकर दिन-दहाड़े लोहे के एंगलों, सरिया और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर जान ले ली। देखने वाली बात ये है कि 2 दिन पहले इसी गांव में इसी स्थान के समीप बदमाशों ने एक परिवार पर 25 राउंड फायरिंग की। जिसके बाद पुलिस ने पारिवारिक सुरक्षा के लिए पुलिस पहरा बैठा दिया। मोनू की हत्या ने बिगड़ रही कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 3 महिलाओं समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ भादस की जरूरी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और हर दृष्टिकोण से मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि हमले के बाद मोनू बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मोनू ने दम तोड़ दिया। मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस हर दृष्टिकोण `स मामले की जांच में जुटी है। आरोपी अपने घर से फरार है, जिन्हे पकडने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई गई है, जो आरोपियों को पकड़ने के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## पत्रकार बिरादरी में विघटन पैदा करने का षड़यंत्र रच रही सरकार :भारद्वाज

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र




**सोहना ।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह मान्यता और गैर मान्यता प्राप्त की आड़ में पत्रकार बिरादरी में विघटन पैदा करने की बजाय पूरी पत्रकार बिरादरी को एक समान मानकर आयुष्मान भारत योजना तथा पत्रकारों के लिए राज्य में चल रही बीमा सुरक्षा योजना में शामिल करने का काम करे। उन्होने कहा कि पत्रकार अपनी जान को जोखिम में डालकर जनता की आवाज को जोरशोर से उठाकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को जिंदा रखे हुए है लेकिन मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पत्रकार बिरादरी से भी राजनीति खेलने और पत्रकार बिरादरी में विघटन पैदा करने के लिए मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही आयुष्मान योजना तथा पत्रकारों के लिए राज्य में चल रही बीमा सुरक्षा योजना में शामिल करने का फैसला ले रही है, जो न्याय संगत नही है। कांग्रेस पार्टी सरकार के इस फैसले का डटकर विरोध करते हुए पत्रकारों की आवाज बनेगी और पत्रकारों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने में भी पीछे नही हटेगी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने पत्रकारों को भरोसा दिया कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर राज्य में पत्रकारों के लिए लागू तमाम योजनाओं को बिना कोई भेदभाव बरते एक समान लागू कर लाभान्वित किया जाएगा।

## स्कूल में बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**विद्यालय से लेकर गांव की फिरनी आवाजाही वाले रास्ते तक सफाई अभियान चलाया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना ।** आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लेबरनम माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ विद्यालय-स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर पूरे विद्यालय से लेकर गांव की फिरनी आवाजाही वाले रास्ते तक सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने गांव में भी कई सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाते हुए कूड़े-कर्कट को एकत्रित कर निर्धारित जगह पर डलवाया। इस मौके पर मौजूद विद्यार्थियों और ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाते हुए लेबरनम माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन व जाने-माने समाजसेवी पंडित अनिल कौशिक ने कहा कि अपने स्कूल के साथ-साथ घर, आंगन और आसपास साफ-सफाई रखना बहुत जरूरी है। साफ-सफाई से मच्छर, मक्खी नही पनपते है। रोग पास नही आते है। सफाई रखने से समृद्धि, खुशहाली आती है। घर में देवताओं का वास रहता है। भगवान भी उसी घर में वास करते है, जहां पर साफ-सफाई हो। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए देश में सफाई अभियान चलाया हुआ है। हम सभी को चाहिए कि हम खुद भी साफ कपड़े पहने। वातावरण को स्वच्छ रखे और अपने आस-पड़ोस में रहने वालों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाए। इस मौके पर उन्होने कूड़ेदान के महत्व से भी विद्यार्थियों व ग्रामीणों को अवगत कराया और उन्हे इस बात के लिए प्रेरित किया कि किसी भी तरह के कूड़े को कूड़ेदान में ही डाले।

## ऑनलाइन जमाबंदी से सुशासन का सपना हो रहा साकार

**माउस की एक क्लिक पर मिल रही जमाबंदी की ऑनलाइन फर्द : उपतहसीलदार**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना ।** यहां पर स्थानीय तहसील कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार अजय कुमार तथा उपतहसीलदार लच्छीराम की माने तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार के अपने सिद्धांत पर चलते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं को ऑनलाइन किया है। प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी सुशासन की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए राज्य में जमाबंदी की ऑनलाइन फर्द (कॉपी) ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए वेब-हैलरिस प्रणाली का उपयोग करते हुए भूमि अभिलेख प्रबंधन कार्यों का कम्प्यूटरीकरण किया गया है, जिसके तहत अब किसानों को जमाबंदी की फर्द माउस की एक क्लिक पर ऑनलाइन मिल उपलब्ध कराई जा रही है। तहसीलदार अजय कुमार तथा उपतहसीलदार लच्छीराम ने बताया कि सरकार की ओर से लागू की गई ऑनलाइन जमाबंदी प्रणाली सुशासन की दिशा में मनोहर सरकार द्वारा उठाया गया एक सराहनीय कदम है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने सभी तहसीलों व उप-तहसीलों में वेब-हैलरिस प्रणाली का उपयोग करते हुए भूमि अभिलेख प्रबंधन कार्यों का कम्प्यूटरीकरण किया है। इसके बावजूद किसानों को जमाबंदी के प्रिंट को पटवारी से सत्यापित करवाना पड़ता है।

## 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद : जैन

**किसानों को फसल खरीद के लगभग 690 करोड़ रुपये का किया जा चुका भुगतान**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन झिरकिया की माने तो राज्य की अनाजमंडियों में खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुगमता से जारी है। अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान तथा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 32 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से फसल खरीद के 690 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा चुका है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खरीफ फसलों की जल्द आवक होने के मद्देनजर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार पहली अक्तूबर की बजाय सितंबर माह में ही खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया था। समय से पहले खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन झिरकिया की माने तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार किसानों की मांग पर 25 सितंबर को धान की खरीद शुरू की गई थी और इसके लिए प्रदेश में 231 मंडियां बनाई गई। खरीफ विपणन सीजन-2023 के दौरान कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 4.83 लाख मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2.49 लाख मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम 74 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस खरीद हेतु 25815 किसानों को तय समयावधि के अंदर-अंदर 653.17 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। उन्होने बताया कि प्रदेश में 23 सितंबर से आरंभ हुई बाजरे की खरीद के लिए प्रदेश में 93 मंडियां बनाई गई। खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान भारत सरकार द्वारा टीपीडीएस के लिए 1.50 लाख मीट्रिक टन तथा पीएम पोषण के लिए एक लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक हैफेड द्वारा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरा खरीद गया है और 6236 किसानों को 36.82 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन झिरकिया की माने तो इतना ही नहीं, मक्का की खरीद के लिए भी प्रदेश में 19 मंडियां बनाई गई हैं। इतना ही नहीं, किसानों को मंडियों में अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार ने समुचित प्रबंध किए हैं। मंडियों व खरीद केंद्रों में बेल्स, अन्य आवश्यक सामग्री सहित किसानों के लिए बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## विधवा महिलाओं को दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण

**उमेश ।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर की माने तो आजादी के अमृतकाल में मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी।

राजनीति | हरियाणा में छात्र संघ के चुनाव के लिए जेजेपी ने बनाया भाजपा सरकार पर दबाव

## दिग्विजय चौटाला विशविद्यालयों का करेंगे दौरा : तंवर

**सांसदों-विधायकों को ज्ञापन देंगे, राज्यपाल को लिखेंगे चिट्ठियां, फिर भी बात नहीं बनी तो प्राइवेट मेंबर बिल आएगा**

**दिल्ली में सांसदों से और हरियाणा में सभी 90 विधायकों से ज्ञापन सौंपने की तैयारी में जेजेपी**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना ।** हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने राज्य में छात्रसंघ के चुनाव के लिए सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। जेजेपी अपनी छात्र विंग इनसो को आगे कर पूरे राज्य में छात्र संघ के चुनाव के लिए माहौल तैयार करने का काम करेगी। इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर एडवोकेट की माने तो छात्रसंघ चुनाव करवाने के लिए विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मुलाकात की जाएगी और सभी सांसदों व विधायकों को ज्ञापन देकर सरकार से छात्रसंघ के चुनाव कराने का आग्रह किया जाएगा। विद्यार्थी सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए राज्यपाल को पोस्टकार्ड भी लिखेंगे। इस पर भी यदि सरकार ने राज्य में छात्रसंघ के चुनाव बहाल करने का निर्णय नहीं लिया तो जेजेपी ने अगले विधानसभा सत्र में प्राइवेट मेंबर बिल लाकर विश्वविद्यालयों व कालेजों में छात्रसंघ के चुनाव कराने का निर्णय लिया है। इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर एडवोकेट ने मंगलवार को गां तिगरा स्थित अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए छात्रसंघ के चुनाव बहाल कराने के लिए अपनी पार्टी के छात्र संगठन इनसो द्वारा छेड़े जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा साझा की। उन्होने बताया कि इस मांग को लेकर उनकी पार्टी और इनसो की ओर से हर 15 दिन के अंतराल पर एक मांग पत्र सरकार को भेजा जाता है लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



आंदोलन की शुरुआत में सबसे पहला ज्ञापन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को दिया जाएगा, जो छात्रों की मांग को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होने बताया कि करीब तीन साल पहले राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों व कालेजों में अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया आरंभ की थी लेकिन हम इसके पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं। छात्र चाहते हैं कि छात्रसंघ के प्रत्यक्ष चुनाव होने चाहिए ताकि गरीब घरों के युवा भी राजनीति में सामने आ सकें। छात्रसंघ के चुनाव कराने का मतलब पूंजीवाद पर बड़ा हमला है। इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर एडवोकेट के अनुसार छात्र संघ के चुनाव की मुहिम को गति देने के लिए वे इनसो अध्यक्ष प्रदीप देसवाल के साथ जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला सभी विश्वविद्यालयों में जायेंगे। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसदों को दिल्ली में ज्ञापन दिये जाएंगे ताकि पूरे देश में छात्र संघ के चुनाव बहाल कराये जा सकें। हरियाणा के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन देने की पार्टी की योजना है। इसके बाद भी यदि चुनाव की घोषणा नहीं की जाती तो जेजेपी विधायक प्राइवेट मेंबर बिल विधानसभा में लाएंगे, तब वास्तविकता में पता चल जायेगा कि कौन छात्रसंघ के चुनाव के हक में है और कौन विरोध में है। उन्होंने बताया कि एमडीयू रोहतक में 11 अक्टूबर, कुरुक्षेत्र में 12, बीपीएस खानपुर में 16 व हिसार में 17 अक्टूबर को विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जननायक जनता पार्टी युवाओं को अपने साथ जोडने के लिए राज्य में दुष्यंत दोस्ती का संकल्प अभियान भी चालू करने जा रही है। इनसो के राष्ट्रीयमहासचिव मोहित तंवर एडवोकेट के अनुसार इस माह चार कार्यक्रम होंगे, जबकि बाकी राज्य में दिसंबर तक कार्यक्रम पूरे कर लिये जाएंगे 21 अक्टूबर को भिवानी, 22 को रेवाड़ी, 26 को जींदऔर 27 अक्टूबर को कैथल में यह कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों में एक बूथ योद्धा कम से कम 10 युवाओं को लेकर पहुंचेगा और उन्हें पार्टी से जोडने का काम करेगा।

## इंद्रजीत आज करेंगे विकास परियोजनाओं की समीक्षा: यादव

**हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल होंगे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



सोहना । भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा स्थानीय नगरपरिषद में वार्ड-4 से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया का कहना है कि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद राव इंद्रजीत सिंह बुधवार को गुरुग्राम, रेवाडी व नूंह जनपद के अधिकारियों की बैठक लेंगे। अहम बात ये है कि हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र की प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा स्थानीय नगरपरिषद में वार्ड-4 से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री बुधवार की सुबह 11 बजे लघु सचिवालय स्थित अधिकारियों की बैठक लेंगे। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी जुड़ेंगे। केंद्रीय राज्यमन्त्री राव इंद्रजीत सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के तहत लगने वाले गुरुग्राम के नए बनने वाले सिविल अस्पताल, बस स्टैंड, हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक तक एलिवेटेड रोड की समीक्षा सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री रेवाड़ी, मेवात जिले से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा भी उच्च अधिकारियों से करेंगे।

## खबर फटाफट

### पैरोल जंप कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने पैरोल जंप कर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था, जो पैरोल मिलने के बाद से फरार हो गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 23 जून को थाना खेडक़ी दौला में डाक द्वारा पुलिस उप-अधीक्षक जेल, फरीदाबाद ने शिकायत के माध्यम से बताया कि कृष्ण नामक एक बंदी को जो उम्र कैद की सजा काट रहा था, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार 3 अप्रैल को 13 जून तक सप्ताह की पैरोल पर भेजा गया था। अपराधी को 13 जून को जिला कारागार, फरीदाबाद में आत्मसमर्पण करना था लेकिन बंदी ने अदालत द्वारा निश्चित की गई तारीख व समय पर जिला कारागार, फरीदाबाद में आत्मसमर्पण नहीं किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कृष्ण को गांव शिकोहपुर से काबू कर लिया। प्रवक्ता का कहना है कि अपराधी से पुलिस पूछताछ में व उसके आपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी पर हत्या व लूट के 2 मामले गुरुग्राम में व चोरी का एक मामला जिला झज्जर में दर्ज हैं। गुरुग्राम में दर्ज मामले में से वर्ष 2011 में थाना मानेसर एरिया से लूट के एक मामले में आरोपी को 10 साल की सजा हुई थी जिसमें आरोपी की एक अक्तूबर 2020 को सजा पूरी हो चुकी है तथा वर्ष 2011 में थाना बादशाहपुर क्षेत्र में हत्या के आरोप में आरोपी को उम्र कैद की सजा हुई थी जिसमें आरोपी जिला जेल, फरीदाबाद में सजा काट रहा था तथा 3 अप्रैल को 10 सप्ताह की पेरौल पर जेल से बाहर आया था और पैरोल पूरी होने के बाद से फरार था।

### गाड़ी लूटने वाला युवक पकड़ा

**गुरुग्राम।** गोली मारकर जानलेवा हमला कर गाडी लूटने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से पुलिस ने कार व प्लैटिनम रिंग बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना सैक्टर 65 में एक शिकायत के माध्यम से बताया कि बीती रात को व्हेयर एल्स कैफे सैक्टर 59 के नजदीक 2 व्यक्तियों द्वारा उससे उसकी गाडी लूटना चाहा तो उसके द्वारा उनका विरोध करने पर उन्होंने गोली चला दी, गोली उसके हाथ की उंगली व चेहरे पर लगी। उसके बाद उससे गाड़ी, मोबाईल फोन व रिंग लूटकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डिप्टी को गांव काहडी, झज्जर से काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में व इसके आपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि इसके खिलाफ चोरी, छीनाझपटी व लूटपाट आदि आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के करीब आधा दर्जन मामले उत्तर-प्रदेश में दर्ज है और वह पहले भी जेल जा चुका है। उसने अपने ही गाँव के रहने वाले अपने साथी आरोपी के साथ मिलकर गुरुग्राम में लूटपाट करने की योजना बनाई थी और योजनानुसार उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

### लूट की घटना में शामिल दूसरा गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** केएमपी एक्सप्रेस वे पर लूट की घटना में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से लूटी गई बाईक, मोबाईल फोन व वारदात में प्रयोग की गई बाईक कब्जा से बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक अक्तूबर को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी जमालपुर में शिकायत दी कि बीती रात को केएमपी एक्सप्रेसवे पर गोरखपुर टोल के नजदीक 2 बाईक्स पर सवार होकर आए 5-6 युवकों द्वारा उसकी बाईक व मोबाईल फोन लूटकर ली गई है। थाना बिलासपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सिल्लू को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व में पुलिस ने आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया था।

### नहर में विसर्जित की गई भगवान गणेश की मूर्तियों से धार्मिक भावनाएं हो रही आहत

**रेवाड़ी।** गत दिनों भगवान गणेश विसर्जन के दौरान रामगढ़ रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू कैनाल में विसर्जित की गई मूर्तियों से एक ओर जहां पीने के इस पानी को प्रदूषित किया गया, वहीं आस्था के नाम पर किए गए इस कार्य से भगवान गणेश की मूर्तियां एक जगह एकत्रित होकर आमजन की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है।

समाजसेवी सेवानिवृत अधिकारी रामअवतार एकल्वय ने बताया कि भगवान गणेश विसर्जन के दौरान काफी संख्या में लोगों ने भगवान गणेश की मूर्ति को रामगढ़ रोड़ स्थित जवाहरलाल नेहर में विसर्जन किया। इनमे से कुछ मूर्तियां नहर के किनारे एक स्थान पर एकत्रित होकर पड़ी हुई है। जिसके चलते आमजन की धार्मिक भावनाओं को भी आहत पहुंच रही है।


आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846


# अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

## अशोक विहार फेज-3 में 10 निर्माणाधीन भवनों पर की गई कार्रवाई

**सहायक अभियंता संजोग शर्मा के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता राहुल की टीम पुलिस बल व जेसीबी लेकर अशोक विहार फेज-3 में पहुंची**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अवैध निर्माणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को अशोक विहार फेज-3 में अवैध निर्माणों पर निगम का पीला पंजा चला। सहायक अभियंता संजोग शर्मा के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता राहुल की टीम पुलिस बल व जेसीबी लेकर अशोक विहार फेज-3 में पहुंची। यहां पर न्यायालय द्वारा जारी प्रतिबंधों के बावजूद अवैध रूप से मकानों का निर्माण किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही जेसीबी की मदद से 10 अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि न्यायालय द्वारा आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। माननीय न्यायालय के निर्देशों की पालना में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है तथा निर्माणाधीन स्ट्रक्चर्स को तोडऩे की कार्रवाई भी समय-समय पर की जा रही है। साथ ही आमजन को भी इस क्षेत्र में प्लॉट, मकान, दुकान आदि की खरीद-फरोख्त ना करने की हिदायत समय-समय पर जारी की जा रही हैं।

# महाराजा शूरसैनी जयंती कार्यक्रम को लेकर की नुक्कड़ सभा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।**गुरुग्राम। गुरुग्राम सैनी युवा जगृति मंच द्वारा गांव मौजाबाद में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बंधुओं को मंच द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही इस वर्ष होने वाली महाराजा शूरसैनी जयंती के कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। मंच के प्रधान गगनदीप सैनी ने कहा कि अपने महापुरुषों के जीवन से अपनी अगली पीढियों को महापुरुषों के जीवन से अवगत कराने के लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। हमें इस तरह के प्रयास करने चाहिए कि हमारे बच्चे, युवा महापुरुषों के जीवन से जुड़ी बातों को याद रख सकें। उनकी जयंती, पुण्यतिथि मनाने के लिए भी हमें बच्चों को प्रेरित करना चाहिए। सभी आयोजनों में बच्चों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाया था। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए हमें भी काम करना चाहिए। आज समय बदला है। सुविधाएं बहुत हैं। साधन बहुत हैं। इसलिए हमें महापुरुषों की जीवनी का प्रचार-प्रसार भी बेहतरी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सैनी समाज ने शिक्षित होकर बहुत तरक्की की है। समाज के हर व्यक्ति, हर परिवार की तरक्की हो, इसके लिए हम सभी को सहयोग करना चाहिए।

# गार्गी कक्कड़ ने की विभिन्न संगठनात्मक नियुक्तियां

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड ने महिला मोर्चा, चिकित्सा प्रकोष्ठ और मन की बात कार्यक्रम के लिए संगठनात्मक नियुक्तियां की है। जिला अध्यक्ष ने सभी शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत संगठनात्मक नियुक्तियां करते हुए गुरुग्राम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष का दायित्व मनीता गर्ग को दिया है। अजीत यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम की जिला प्रमुख निधि राघव को बनाया गया है। सोनिया यादव को चिकित्सा प्रकोष्ठ गुरुग्राम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने विश्वास जताया है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए काम करेंगी। वहीं महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनीता गर्ग, निधि राघव और सोनिया यादव ने जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड समेत सभी



शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन ने हमारे उपर जो विश्वास जताया है उस पर पूरी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। अजीत यादव ने बताया कि तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा है कि संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए कार्य करेंगी।

# विधायक ने किया कैंप का शुभारंभ

**सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह जरूरी है कि हमारे सभी कागजात पूरे व सही हो**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** सेक्टर-31 हाउसिंग बोर्ड में विधायक सुधीर सिंगला ने नारायण इवेंट्स व आरडब्ल्यूए हाउसिंग बोर्ड द्वारा लगाए गए वोटर आईडी, फैमिली आईडी, आधार कार्ड कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में क्षेत्र के अनेक लोग अपनी आईडी अपडेट करवाने पहुंचे। सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह जरूरी है कि हमारे सभी कागजात पूरे व सही हों। भविष्य में किसी तरह की दिक्कत ना रहे, इसके लिए अपने डॉक्यूमेंट्स को दुरुस्त कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने के साथ उन योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी स्वयं करे तो योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि सरकार के साथ मिलकर काम करें और आम आदमी के उत्थान के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्र लोगों को लाभ देने का काम किया है। सरकार की मंशा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की है।

# दशलक्षण महापर्व के समापन पर निकाली गई भव्य रथ यात्रा



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

**गुरुग्राम।** दशलक्षण महापर्व के समापन अवसर पर भव्य रथ यात्रा का आयोजन श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकबपुरा द्वारा मंदिरजी से प्रारम्भ किया गया। यात्रा सदर बाजार होते हुए भूतेश्वर मंदिर के आगे से बसई रोड स्थित नंशिया जी पहुंचे। रथ पर जैन समाज के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी की मूर्ति को विराजमान किया गया। लगभग 3 किलोमीटर यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ महिलाएं, बच्चे रथ के आगे नृत्य, झूमते-गाते हुए चल रहे थे। मंदिर जी में चातुर्मास कर रहे पाठशाला प्रणेता मुनिश्री 108 अनुमान सागर जी महाराज यात्रा के साथ चले। महाराज श्री की प्रेरणा से लगभग सभी जैन अनुयायी नंगे पैर यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर बैंड-बाजे, नपिरी ताशे आदि के अलावा भव्य झांकियों का आयोजन किया गया। भगवान नेमीनाथ की बारात को दर्शाया गया, जिसमें 15 राजा अलग-अलग घोड़ों पर बाराती बनकर चल रहे थे। अन्य झांकी में रानी लक्ष्मीबाई को अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध को दर्शाया गया। जिसमें अमरचंद बांठीया जैन जो गवालियर के दीवान थे, उनके बलिदान को युद्ध में दिखाया गया। भगवान महावीर जन्मोत्सव कमठ का उपर्सग, बाहुबली भगवान चांदनपुर के महावीर आदि झांकियों ने सदर बाजार के व्यापारियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जैन समाज के व्यापारियों ने रथ में विराजमान भगवान पार्श्वनाथ भगवान की आरती बड़ी संख्या में की।

# एक क्लिक पर मिल रही जमाबंदी की ऑनलाइन फर्द : डीसी निशांत यादव

**सरकार के अपने सिद्धांत पर चलते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं को ऑनलाइन किया है**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



**गुरुग्राम।** विधवा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार के अपने सिद्धांत पर चलते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं को ऑनलाइन किया है। प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी सुशासन की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए हरियाणा में जमाबंदी की ऑनलाइन फर्द (कॉपी) ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए वेब-हैलरिस प्रणाली का उपयोग करते हुए भूमि अभिलेख प्रबंधन कार्यों का कम्प्यूटरीकरण किया गया है, जिसके तहत अब किसानों को जमाबंदी की फर्द माउस की एक क्लिक पर ऑनलाइन मिल उपलब्ध कराई जा रही है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरकार की ओर से लागू की गई ऑनलाइन जमाबंदी प्रणाली सुशासन की दिशा में मनोहर सरकार द्वारा उठाया गया एक सराहनीय कदम है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने प्रदेशभर की सभी तहसीलों व उप-तहसीलों में वेब-हैलरिस प्रणाली का उपयोग करते हुए भूमि अभिलेख प्रबंधन कार्यों का कम्प्यूटरीकरण किया है।

इसके बावजूद किसानों को जमाबंदी के प्रिंट को पटवारी से सत्यापित करवाना पड़ता है, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। परंतु अब किसान जमाबंदी की डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त फर्द पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण : एडीसी



विधवा आजादी के अमृतकाल में हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रूपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है।

**अभियान** | सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा प्रकल्प 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किए गए

# मोदी की दूरदर्शी सोच युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा : सीकरी

**बोधराज सीकरी के आह्वान पर 73 स्थानों पर हवन का भव्य आयोजन उनकी टीम द्वारा किया गया**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा प्रकल्प 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किए गए। हरियाणा भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराज सीकरी के आह्वान पर 73 स्थानों पर हवन का भव्य आयोजन उनकी टीम द्वारा किया गया। जहां एक ओर 73 स्थानों पर हवन-यज्ञ किया गया, वहीं आयुष्मान दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग और पेंटिंग एक्टिविटी का आयोजन कई और स्थानों पर भी किया गया। बोधराज सीकरी ने स्वयं आर्य समाज मंदिर, भीम नगर में हवन यज्ञ कर विभिन्न मन्दिरों में, आर्य समाजों और विभिन्न स्थानों पर चल रहे यज्ञ अनुष्ठानों का अवलोकन भी किया। इसके साथ-साथ आयुष्मान लाभार्थी कार्ड वितरण का काम भी किया। इसमें सीएमओ कार्यालय का सहयोग रहा। लोगो को बुला कर उनके ऑनलाइन औपचारकित्यें पूरी कर उनके आयुष्मान कार्ड मुहैया करवाए। अंगदान, नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरुक किया गया, जिसके तहत करीब 225 लोगो से नेत्रदान का संकल्प लिया। 23 सितम्बर को आयुष्मान दिवस मनाया। जिसमें महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, आशा रानी, गीता, शशि बजाज, अलका शर्मा, ज्योति वर्मा, रचना बजाज का सहयोग रहा। डा. रेखा ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। 24 सितंबर को डेरावाल भवन विजय पार्क प्रताप नगर में मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की टीम के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत 350 लोगो के पंजीकरण हुए। दवाइयां मैनकाइंड फार्म कंपनी की ओर से मुफ्त दी गई। बोध राज सीकरी और ओम प्रकाश कथूरिया, रमेश चुटानी आदि द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। बोध राज सीकरी ने 73 झुग्गी-झोपडियों में, बस्तियों में, अलग-अलग स्थानों पर अपनी हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत 11-11 बार पाठ करवाने का अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया। इन 73 स्थानों पर 0ब्राह्मणों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ निर्विघ्न हुआ जिसमें लगभग 4193 भक्तों ने भाग लिया और 38359 बार पाठ किया गया। इस श्रृंखला के तहत अब तक कुल पाठ 357823 हो चुके हैं द्य यह पाठ 25860 साधकों द्वारा कुल 130 स्थानों पर सात महीने में हो चुके है। जिसमें धर्मेंद्र बजाज, अनिल कुमार, रमेश कामरा, रमेश कुमार, रमेश कामरा, गजेंद्र गोसाई, राम लाल ग्रोवर, किशोरी लाल डुडेजा, उमेश ग्रोवर, रवि मनोचा, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, सतपाल नासा, द्वारका नाथ मक्कड का भी सहयोग रहा। स्वच्छता अभियान के सेवा प्रकल्प के तहत 2 अक्टूबर को आर्य समाज, सेक्टर 7, एक्सटेंशन में पर्यावरण शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।

# मास्टर नेकीराम के नाम पर पुरस्कार रखने की सीएम के समक्ष रखी मांग

ब्यूरो, भरोसा मित्र



**रेवाड़ी।** प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम को सरकारी स्तर पर सम्मान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में सीएम मनोहर लाल से मिलकर मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा सीएम मनोहर लाल के नाम लिखे गए सामूहिक पत्र को सौंपते हुए मास्टर नेकीराम के नाम पर साहित्यिक पुरस्कार, आईजीयू मीरपुर में मास्टर नेकीराम चेयर और शहर के किसी प्रमुख चौक का नामकरण करने की मांग रखी। गौरतलब है कि बीते 10 जून को मास्टर नेकीराम के पुण्यतिथि समारोह में पहुंचे विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा था कि मास्टर नेकीराम को उचित मान सम्मान दिलाने की दिशा में प्रयास तेज किए जाएंगे।

उन्होंने मांग पत्र के जरिए कहा कि सांग कला के स्वर्ण काल में मास्टर नेकीराम एक लोकप्रिय सांग सम्राट व लोक कवि रहे हैं। इसके बावजूद भी आज तक उन्हें किसी भी सम्मान से नहीं नवाजा गया जबकि उनके समकालीन कई लोक कवियों के नाम पर साहित्यिक व सांस्कृतिक पुरस्कार शुरू किए जा चुके हैं। इसके लिए मास्टर नेकीराम साहित्य एवं लोकनाट्य कला संरक्षण परिषद् के अध्यक्ष सुंदरलाल भांडोरिया, हास्य कवि हलचल हरियाणवी, डा. शिवताज सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, आलोक भांडोरिया, महेंद्र सिंह करनावास, भूप सिंह भारती, रामकिशन आर्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का आभार जताया।

## खबर फटाफट

### 6 अक्टूबर से श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

**तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित माता वैष्णों मंदिर में श्रीपितृपक्ष के आयोजन में मोझदायनी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ आगामी 6 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे कथाव्यास उत्तराखण्ड देवभूमि धाम हरिद्वार से पूज्या देवी मधू अपनी मधुर वाणी से कथा करेंगी। कथा को लेकर कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा 6 अक्टूबर को प्रातः11 बजे श्रीवैष्णो देवी माता मंदिर तावडू शहर से भ्रमण करते हुए, सनातन धर्म मंदिर चांदना मौहल्ला से जल भर कर पुनः मंदिर पहुंचेगी। वहीं हर दिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक कथा की जाएगी। वहीं 10 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन जगदंबा जागरण मडंल रब्बू एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। आगामी 14 अक्टूबर को शहर की पुरानी अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशाल भण्डारे का आयोजन कया जाएगा।

### सामाजिक संगठनों के प्रयास से नशे की बुराई से समाज व देश को बचाया जा सकता हैः सतपाल

**तावडू।** नशे की बुराई सभी सामाजिक बुराईयों में सबसे बडी बुराई है। नशा करने से व्यक्ति का शरीर व मन तथा दिमाग खोखले हो जाते हैं। नशा करने वाले व्यक्ति के जीवन में अनेक कुरीतियां जन्म लेना शुरू कर देती हैं। यह विचार उपमंडल के गांव कलवाडी के शहीद हरप्रसाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सतपाल ठाकरान ने रखे। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों के प्रयास से नशे की बुराई से समाज व देश को बचाया जा सकता है। युवाओं का नशे के जाल में फ संना आज एक सबसे बडी सामाजिक समस्या है। उन्होंने कहा कि इस मामले में समाज, पुलिस और सरकार को सख्त कदम और अधिक मजबूत करने पडेंगे, ताकि मिलकर इस बुराई को जड से खत्म किया जा सके। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि इस बुराई से बचें और अपने सुनहरी जीवन को अच्छे कार्यों में लगाकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें।

### नहर में कूदे व्यक्ति को पुलिसकर्मी ने सुरक्षित निकाला

**फरीदाबाद।** कल शाम करीब 6ः00 बजे एक 30 वर्षीय युवक बीपीटीपी के पास आगरा कैनाल पुल से नहर में कूद गया। कैनाल के पास ही पुलिस के 2 जवान व तीन होमगार्ड मौजूद थे। होमगार्ड अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में छलांग लगाने वाले युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। व्यक्ति की जान बचाकर उसे नया जीवनदान देने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि कल शाम हवलदार कसम, सिपाही मनोज और होमगार्ड जवान संदीप, पुरुषोत्तम तथा विनोद आगरा कैनाल पुल के पास मौजूद थे कि उन्हें एक व्यक्ति पुल से कूदने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया। उस व्यक्ति की जान बचाने के लिए तीनों होमगार्ड जवान भागे। होमगार्ड पुरुषोत्तम ने उसे व्यक्ति को पकडने की कोशिश की परंतु वह व्यक्ति होमगार्ड के हाथ से छुड़ाकर नहर में कूद गया। नहर में कूदते ही व्यक्ति उसमें डूबने लगा तो उसकी जान बचाने के लिए होमगार्ड संदीप ने आव देखा न ताव और नहर में छलांग लगा दी। कई देर की कड़ी मशक्कत करने के पश्चात पुलिसकर्मी संदीप उसे व्यक्ति को जैसे तैसे नहर के बीच में से पकडक़र नहर के किनारे लाया जहां होमगार्ड विनोद ने पुलिसकर्मी संदीप तथा नहर में कूदने वाले व्यक्ति को बाहर निकाल लिया। प्राथमिक उपचार देने के पश्चात युवक ने बताया कि वह गांव प्रहलादपुर का रहने का रहने वाला है। पुलिसकर्मियों ने जब उसके नहर में कूदने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह अपने घरेलू कलह के कारण काफी परेशान था और इसलिए उसने तंग आकर नहर में छलांग लगाई थी परंतु पुलिस के जवानों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया जिसमें होमगार्ड संदीप पुरुषोत्तम तथा विनोद का अहम रोल था। इसके पश्चात पुलिसकर्मियों द्वारा उसे आगामी कार्रवाई के लिए थाना पुलिस के हवाले किया गया जहां युवक के परिजनों को बुलाया गया और युवक को समझा बुझाकर सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले किया गया। युवक के परिजनों ने पुलिस जवानों द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद किया।

### वाहन चोरी करने वाला आरोपी चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश की टीम ने आरोपी को चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम लक्की राय (20) है आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर-4 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से चोरी की स्कूटी सहित गुडगांव कैनाल सेक्टर-4 से काबू किया है। आरोपी ने स्कूटी को थाना ओल्ड के एरिया से चोरी किया था। आरोपी स्कूटी को बेचना चहाता था। आरोपी नशा करने का आदि है नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदातो को अनजाम देता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### संसार में रक्तदान सबसे बड़ा दान : हरेन्द्र भाटी

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने कहा है कि संसार में रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है क्योंकि किसी एक मनुष्य द्वारा दान किया गया रक्त, जरूरत पडने पर किसी अन्य मनुष्य की जिंदगी बचा सकता है इसलिए सभी को बढ़चढकर रक्तदान करना चाहिए। श्री भाटी बल्लभगढ़ समाज ट्रस्ट द्वारा सिंगला धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान हरेंद्र भाटी ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर से पुराना रक्त निकलने के बाद नया बनने लगता है। इस दौरान बल्लभगढ़ समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें विशेषज्ञ डाक्टरों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, प्रवेश मेहता, लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, चंद्रपाल, जीत सिंह, राम गौड, सुभाष बघेल, देवराज गौड, नीरज गोस्वामी, सतबीर बघेल, दिनेश मंगला, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, सोनू तोमर, सत्वीर ठाकुर, एडवोकेट दीपक रावत, दीप ठाकुर, शिवा गोला, राकेश गुप्ता, केके गुप्ता, दीपक राणा, राहुल राणा, विनोद भाटी, अमल गोयल, दीपक मित्तल, राजेश बंसल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

# विकास कार्यों को जल्द करवाएं पूरा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन व योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नूंह जिला को आकांक्षी जिला घोषित किया हुआ है। इसके लिए इस जिला में केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुरूप आकांक्षी जिला मेवात में चल रहे विकास कार्यों का लाभ जनता को मिल सके।
उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते हुए जिला में हो रहे विकास कार्यो व योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडरी में बन रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस रैपिड एक्शन फोर्स के कैंप में संबंधित विभाग सभी कार्यों को जल्द पूरा करवा दें। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन के मामलों में सख्त कार्यवाही की जाए, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल को साथ रखें। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल नूंह जिला के प्रत्येक गांव तक अपनी आप्टीकल फाइबर नेटवर्क को लाइन को पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा इसमें इंटरनेट की स्पीड भी अच्छी रहनी चाहिए। सरकार की सभी सुविधाएं ऑनलाइन मोड पर हैं, ऐसे में इंटरनेट की कनेक्टिविटी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने सरकारी स्कूलों, मदरसा शिक्षा के संबंध में भी अधिकारियों से शिक्षा की स्थिति की समीक्षा की तथा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को नूंह से फिरोजपुर झिरका में राजस्थान बॉर्डर तक सड़कको चार मार्गीय बनाने के निर्देश दिए और कहा कि इस सड़क पर यातायात अधिक है, इसलिए इसका काम जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोटला झील के निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा किया जाए, ताकि आसपास के क्षेत्र को बाढ़ से बचाया जा सके तथा बाद में साथ लगते क्षेत्र में सिंचाई के लिए झील का पानी उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गोद लिए गांव आलदोका में हुए विकास कार्यों की भी समीक्षा की तथा शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, सीईओ प्रदीप अहलावत, सीटीएम गजेंद्र सिंह, एसडीएम मनीषा शर्म, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जाहिद हुसैन चेयरमैन, मनीष अध्यक्ष नपा फिरोजपुर झिरका व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### राव वीरेंद्र सिंह का अपना निर्णय, वह कुछ भी कह सकते हैं

पूर्व केंद्रीय मंत्री राव वीरेंद्र सिंह के बयान पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री की अपनी इच्छा है वह पार्टी छोड़ सकते हैं या नहीं वह उनका स्वयं का निर्णय है वह इस बारे में कुछ ज्यादा नहीं बोल सकते। आपको बता दें कि एक दिन पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री राव वीरेंद्र सिंह ने बयान दिया था कि अगर भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन नहीं तोड़ा तो ,वह भाजपा छोड़ देंगे।

### लघु सचिवालय में ली पीस कमेटी की बैठक नूंह हिंसा पर की बात

लघु सचिवालय में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पीस कमेटी के सदस्यों की बैठक ली और नूंह हिंसा के बाद मेवात के हालात के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि नहीं एक निंदनीय पूर्ण घटना थी जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से कहा कि भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए सभी समाज के लोग मिलजुल कर कम करें और मेवात को विकास के मामले में आगे बढ़ाएं।

### नूंह का अमन-चैन किसी भी सूरत में नहीं बिगड़ने देंगे



नूंह। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन व योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जिला नूंह (मेवात) क्षेत्र का सदियों पुराना भाईचारा, अमन-चैन व सौहार्द का माहौल सदा बना रहेगा और वे इसे किसी भी सूरत में बिगडने नहीं देंगे। सद्भावना कमेटी के सदस्य इस बात का ध्यान रखें कि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यवश हुई घटना की पुनरावृति न होने दें तथा अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए किसी भी शरारती तत्वों के मंसूबों को कामयाब न होने दें। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित सद्भावना कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हुई घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा निर्दोष लोगों पर कोई आंच नहीं आएगी। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग इसके लिए निष्पक्ष तरीके से कार्यवाही कर रहा है, इस मामले में पूरा इंसाफ होगा और दोषियों को सजा जरूर दिलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सद्भावना कमेटी के सदस्यों पर इस समय बड़ी जिम्मेदारी है और वे इस जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से व निष्पक्ष तरीके से करें। प्रदेश सरकार व केंद्रीय सरकार ने इस घटना पर निष्पक्ष कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हुए हैं, कि प्रशासन इसमें उचित एवं निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अब फिलहाल मेवात क्षेत्र में अमन-चैन का माहौल है, अब वे स्वयं मेवात क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। वे जिला के लोगों से भी अपील करते हैं कि वे किसी अफवाहों या बहकावे में न आएं और मेवात क्षेत्र के विकास में सरकार व जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा में जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जाएगी। इसके लिए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। सरकार ने जिला प्रशासन के पास पैसा भेजा है, जिसे नुकसान के आंकलन के बाद वितरित कर दिया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, गौ सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, आलम मुंडल, योगेश तंवर, औरंगजेब सहित अनेक सदस्यों ने मेवात क्षेत्र के भाईचारे को बढ़ावा देने व ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद, उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन, एसडीएम नूंह अश्विन कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, व जाहिद बाई सहित सद्भावना कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## तावडू में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन, हिन्द हाई स्कूल की टीम रही प्रथम



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर के मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कृष्णा क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में 8 टीमों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी एवं सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने भाग लेकर विधिवत टूर्नामेंट का शुभारम्भ कराया और 31 हजार रूपए नीजि कोष से एकेडमी को उत्साहवर्धन के लिए दिए। प्रदीप खटाना ने अपने संबोधन कहा कि खेल खिलाडी को अच्छी भावना से खेलना चाहिए। हारने वाले खिलाडी को कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि और अधिक मेहनत कर जीत के लक्ष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। वहीं क्रिकेट एकेडमी के राजबीर राठी कोटा ने बताया कि यह आयोजन शुभचिंतकों व समकालीन समाज के सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ। इस स्कूली क्रिकेट टी-10 टूर्नामेंट (अंडर 16) में 8 टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में हिन्द हाई स्कूल की टीम प्रथम स्थान व कृष्ण क्रिकेट एकेडमी टीम द्वितीय स्थान पर रही।

## शिखा दीदी ने भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की महिमा बतायी



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर की पंजाबी धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान मंगलवार को तृतीय दिवस की कथा में बताया श्री वेदव्यास जी ने कलियुग के लोगों के कल्याण के लिए अठारह हजार श्लोक 335 अध्याय 12 स्कंध में भागवत की रचना की। श्री शुकदेवजी महाराज ने यही भागवत राजा परीक्षित को श्रवण करायी।
कथावाचक शिखा दीदी ने भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की महिमा बतायी। भगवान की भक्ति के लिए कथा सत्संग सहज साधन है, ये मानव शरीर दुर्लभ है और इस मानव देह में संतो का संग, भगवान की कथा मिलना भगवत्कृपा है। भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए कहा भगवान अधर्म का नाश करने के लिए धर्म की रक्षा के लिए समय समय पर कभी राम भी कृष्ण बनकर अवतार लेकर आते हैं। कपिलदेवहूति संवाद, सती प्रसंग आदि का वर्णन में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ये चार पुरूषार्थ सभी मनुष्य के जीवन में होने चाहिए। इस अवसर पर गुलशन अरोडा, बलबीर जैन, दाउदयाल सिंघला, हाकम तनेजा, रणजीत मदान, अशोक शर्मा, उमेश मदान, किशन तनेजा, नीरज सोनी आदि मौजूद रहे।

## तावडू में सांत्वना देने पहुंचे पूर्व विधायक तेजपाल तंवर



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर के युवा समाजसेवी हेमंत सहरावत की माता सावित्री देवी का स्वर्गवास गत 30 सितंबर को हो गया था। जिसको लेकर मंगलवार को सोहना तावडू पूर्व विधायक तेजपाल तंवर उनके निवास पर परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।
उन्होंने परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया और उन्हें भरोसा दिलाया कि वो इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं। इस दौरान भाजपा से जुडे कार्यकर्ता व पदाधिकारी के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम अमित मान ने किया बाल गृह बाल भवन और एसओएस ग्रीन फील्ड चिल्ड्रन विलेज का निरीक्षण

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बडख़ल कम सीटीएम अमित मान व उनके साथ ट्रेनी एचसीएस शीतल के साथ बाल गृह बाल भवन और एसओएस ग्रीन फील्ड चिल्ड्र्न विलेज का निरिक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमित मान ने सभी सीसीआई का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं बच्चों के खाने-पीने से लेकर पढ़ाई व्यवस्था व उनके रहन- सहन की सभी व्यवस्थाओं को भी बारिकी से जांचा। एसडीएम अमित मान ने अधीक्षिका से विस्तार से पूछताछ की। वहीं चिकित्सकों की टीम में डॉ महेंद्र गोयल ने सभी बच्चों के हैल्थ की जानकारी लेकर सभी की हैल्थ रिकॉर्ड फ़ाइल का निरीक्षण किया।

## माता अमृतानंदमयी का 70 वां जन्मदिन मनाया

### जन्म दिन समारोह में दूनिया भर से श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्तियों ने लिया हिस्सा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। माता अमृतानंदमयी का 70वां जन्मदिन 2 और 3 अक्टूबर 2023 को अमृता विश्वविद्यालय परिसर में मनाया गया। जिसमें दुनिया भर से श्रद्धालु और गणमान्य व्यक्ति श्रद्धेय आध्यात्मिक नेता, माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) का 70वां जन्मदिन मनाने के लिए एक साथ एकत्रित हुए। इस दो दिवसीय उत्सव में लाखों लोगों ने भाग लिया। श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) ने जन्म दिन के संदेश पर प्रेम, निस्वार्थता और एकता के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। अम्मा ने कहा, हर आपदा - चाहे वह महामारी हो, प्राकृतिक आपदा हो, या जलवायु परिवर्तन हो - मानव जाति से तीन चीजों को विकसित करने का आग्रह करती हैंः सहयोग, भाईचारा, और साम्य। यानी हमें अपने साथी मनुष्यों के साथ, प्रकृति के साथ सहयोग में और ईश्वर के साथ एकता में आगे बढने की जरूरत है। ऐसा करने में थोड़ी सी भी विफलता हमारे सभी कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी। 3 अक्टूबर को, सुबह 5 बजे महागणपति होम के साथ भव्य उत्सव जारी रहा, इसके बाद सुबह 7 बजे स्वामी अमृतस्वरूपानंद द्वारा सत्संग और 7ः45 बजे राहुल राज और उनके समूह द्वारा एक मनोरम संगीत प्रदर्शन किया गया। दिन के मुख्य आकर्षणों में सुबह 9 बजे गुरु पादपूजा शामिल थी। सुबह 11 बजे के आधिकारिक कार्यक्रम में 193 देशों के सम्मानित प्रतिनिधि शामिल हुए और इसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और वी. मुरलीधरन, विधानसभा के उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार और केरल के विपक्षी नेता वी.डी. सतीसन शामिल हुए।

## एनीमिया उन्मूलन के दौरान जरूर करें एचबी सभी सहित अन्य सभी टेस्टः आनन्द शर्मा

- स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी बेहतर तालमेल करके करें कार्य

**कहा, एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है इसके लिए करें लोगों को जागरूक**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। एडीसी आनन्द शर्मा ने समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनीमिया उन्मूलन के दौरान एचबी टेस्ट सहित अन्य टैस्ट जरूर करे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी तालमेल करके इसका जिला फरीदाबाद में ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड का काम बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है इसके लिए भी लोगों को जागरूक करें। एनीमिया, सीएचडी, डिफिक्ट जैसी बीमारियों के बच्चों को चिन्हित करके उनका बेहतर उपचार करना सुनिश्चित करें। इसके लिए बच्चों के माता-पिता से काउंसलिंग करके उन्हें उपचार के लिए प्रेरित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला में एनीमिया उन्मूलन सप्ताह आगामी दिसम्बर माह तक चलेगा। जिसके दौरान जिला के सभी स्कूलों, सब सेंटरों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नागरिकों के एच.बी.टेस्ट किए जाएंगे। बता दें कि जिला फरीदाबाद में सभी 379 स्कूलों के लगभग 130000 विद्यार्थियों का एनीमिया चेक किया जा रहा है। वहीं हेल्थ चैकअप कैम्पों के बाद जरूरतमंद विद्यार्थियों को इलाज भी दिया जाएगा।

### ये हैं एनीमिया के लक्षण

उप जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ राम भगत ने बताया कि कमजोरी, आसानी से थक जाना, पीली त्वचा, सांस की तकलीफ, ऑर्थोस्टैटिक हाइपोटेंशन, बार-बार सिरदर्द होना, चिड़चिड़ा व्यवहार, फटी या लाल जीभ, भूख में कमी, खाने की अजीब सी लालसा आदि होने पर तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डा को दिखाना चाहिए।

### क्या है एनीमिया

एडीसी ने बताया कि एनीमिया एक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य स्तर से कम हो जाती हैं या प्रत्येक लाल रक्त कोशिका में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम होती है। किसी भी मामले में, शरीर के चारों ओर रक्त प्रवाह में कम मात्रा में ऑक्सीजन ले जाया जाता है। लाल रक्त कोशिकाएं (आरबीसी), हीमोग्लोबिन नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाती हैं। एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की खराबी है। एनीमिया एक आम रक्त स्थिति है। जिला सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान जिस व्यक्ति का एच.बी. 7 ग्राम से कम मिलता है, तो उसको जिला के नागरिक अस्पताल में रेफर किया जाता है और जिसका एच.बी. 7 ग्राम से 11 ग्राम है उसको एक माह की दवाई दी जाएगी। एक माह पश्चात उसका पुन- टेस्ट किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार उसका ट्रीटमेंट किया जायेगा। खासकर महिलाओं में यह देखा गया है कि मासिक धर्म वाली पांच में से एक महिला और सभी गर्भवती महिलाओं में से आधी एनीमिया से ग्रसित हैं। लक्षण पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डा को दिखाएं।

## प्रदर्शन

### उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया धरना प्रदर्शन

# भाजपा के मंत्री अजय मिश्रा टैनी को मंत्री के पद से हटाने व उसके पुत्र आशीष मिश्रा को सजा देने की मांग की

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने और भाजपा के मंत्री अजय मिश्रा टैनी को केंद्रीय राज्य मंत्री के पद से हटाने और उसके किसानों के हत्यारे पुत्र आशीष मिश्रा को सजा देने की मांग को लेकर आज जिला मुख्यालय पर उपायुक्त कार्यालय के सामने काला दिवस मनाया और धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एटक के विशंभर सिंह, इंटक के हुकम चंद बेनीवाल, एचएमएस के आरडी यादव, आईसीटीयू के कामरेड जवाहरलाल, सीटू के कामरेड शिवप्रसाद, रिटायर कर्मचारी संघ के नेता नवल सिंह, किसानों ने सतपाल नरवत ने संयुक्त रूप से की जबकि कार्रवाई का संचालन कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने किया। इस सभा को एटक के मिथिलेश कुमार, रिटायर कर्मचारी संघ के नेता नवल सिंह , किसान नेता सतपाल नरवत , सीटू के शिवपरसाद, इक्टू के जवाहरलाल, एचएमएस के कामरेड आरडी यादव इंटक के हुकुमचंद बेनीवाल, बैजू सिंह, कर्मचारी नेता रहे धर्मवीर वैष्णव ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे किसानों पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी के पुत्र आशीष मिश्रा ने अपनी थार गाड़ी चढ़ा दी जिसकी वजह से चार किसान और एक पत्रकार की मौके पर मौत हो गई। इतना बड़ा हृदय विदारक हत्याकांड होने के बाद भी उत्तर प्रदेश कि भाजपा सरकार ने आशीष मिश्रा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसानों की अपील पर निर्णय दिया कि दोषी के विरुद्ध प्राथमिककी दर्ज होनी चाहिए तब जाकर उत्तर प्रदेश की पुलिस प्रशासन ने मजबूरी में कार्रवाई की। दोषी के खिलाफ पुलिस के द्वारा मजबूती से पक्ष नहीं रखने की वजह से वह जमानत पर बाहर आ गया। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद केंद्र की भाजपा सरकार से राज्य मंत्री अजय मिश्रा को पद से बर्खास्त करने और उसके दोषी पुत्र को सजा देने की मांग करता है। आज जिला मुख्यालय पर धरने के बाद प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, और आशीष मिश्रा के पुतले जलाए गए। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के बैनर तले केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर यह कार्यक्रम निम्नलिखित मांगों के लिए किया गया। श्रम संहिताओं को रद्द किया जाए, न्यूनतम वेतन प्रतिमाह 26हजार रुपए दिया जाए, सभी फसलों पर ष्2 प्लस 50त्न न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाए। किसान संगठनों के साथ किए गए समझौते लागू किए जाएं सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा और प्रतिमाह 10000 की पेंशन सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के उपकरणों और सेवाओं का निजीकरण बंद किया जाए। बिजली बिल संशोधन 2022 को रद्द किया जाए। किसानों के लिए व्यापक कर्ज माफी योजना लागू की जाए मनरेगा के लिए 600 प्रतिदिन की मजदूरी और 200 दिन का काम सुनिश्चित किया जाए।

## खबर फटाफट

### 254 पव्वे अवैध देशी शराब सहित एक दबोचा

**रेवाड़ी।** थाना माडल टाऊन पुलिस ने अवैध शराब बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहल्ला गुर्जरवाडा हाल मोहल्ला उतम नगर निवासी विजेंद्र उर्फ मामन पुत्र हरिकिशन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 254 पव्वे अवैध देशी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद की है। जांचकर्ता ने बतलाया की पुलिस को सुचना मिली की विजेन्द्र उर्फ मामन पुत्र हरिकिशन निवासी गुर्जरवाडा हाल किरायेदार हनुमान मन्दिर के सामने वाली गली उतम नगर, अपने मकान किराया के सामने खाली पडे प्लाट मे रखकर अवैध शराब बेचने का काम करता है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान विजेन्द्र उर्फ मामन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 254 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### उद्घोषित आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस पीओ स्टाफ ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सैनी मोहल्ला कतोपुर हाल हंस नगर निवासी दीपक उर्फ किराएदार पुत्र मांगेराम के रूप में हुई है।

आरोपी काफी दिनों से थाना शहर में दर्ज वर्ष 2017 में अवैध शराब बेचने के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी अंकित कर आरोपी दीपक उर्फ किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

### हरियाणा कृषि विकास मेला 8 से

**रेवाड़ी।** आजादी अमृत काल में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के साथ मिलकर रविवार 8 अक्टूबर से मंगलवार 10 अक्टूबर तक हरियाणा कृषि विकास मेला-2023 का आयोजन किया जाएगा। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मेला ग्राउंड, गेट नं. 3 के सामने लगाया जाएगा। मेले में आगंतुक किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही मेले में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें व कृषि यंत्र निर्माता कंपनियां भाग लेंगी। किसानों को विभिन्न कृषि कार्यों के लिए मशीनों, यंत्रों एवं उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानने का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा मेले में हरियाणा के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। मेले में आयोजित होने वाले हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने जिला के किसानों से आह्वान किया कि वे हरियाणा कृषि विकास मेले में बढ़चढे र भागीदारी करते हुए मेले में नई कृषि तकनीकों व नवाचार बारे जानकारी प्राप्त करें और मेले का लाभ उठाएं।

### साइबर फॉड के बचाव के लिए जीआरपी रेल कर्मचारियों को किया जागरूक



**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरियाणा राजेश कुमार कालिया के दिशा-निर्देशन में रेवाड़ी जीआरपी ने रेल कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए थाना परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके जीआरपी एसआई कृष्ण कुमार ने कहा कि आज के इस तकनीकी युग में हर व्यक्ति मोबाइल व कम्प्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वर्तमान में साइबर अपराधी मेल पर वॉइस मैसेज भेजकर लोगों से लिंक को ओपन करने का आग्रह कर झांसे में लेकर मेल को हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर ठग मेल को हैक करने के बाद यहां से खातों से संबंधित जानकारी व पासवर्ड चुराकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। जिससे हमें सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचाव के लिए अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त मेल मैसेज को ओपन न करें। अपने प्रत्येक अकाऊंट जैसे नैटबैकिंग, फेसबुक, इंस्टाग्राम इत्यादि सभी की यूजर आईडी व पासवर्ड अलग-अलग बनाकर रखे। मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। अकाउंट हैक होने पर तुरंत संबंधित ऑफिशियल अधिकारियों को जानकारी दें। अकाऊंट पर डबल पासवर्ड का प्रयोग करें। अपनी यूजर आइडी व पासवर्ड को किसी के साथ साझा न करें।

### आईजीयू में पूर्व छात्र मिलन समारोह छह को

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग से एमकॉम, एमकॉम ऑनर्स एवं पीएचडी की डिग्री ले चुके पूर्व छात्रों को आगामी 6 अक्टूबर 2023 को एक बार फिर से एक छत के नीचे एकत्रित होने का अवसर प्राप्त होगा। वाणिज्य विभाग इस दिन अपना पहला पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित करने जा रहा है।

विभागाध्यक्ष डा. अदिति शर्मा ने कहा कि यह अनुभव अपने आप में अवर्णनीय होता है और अक्सर छात्रों को इसकी प्रतीक्षा रहती है। हमारे कुलपति प्रो. जयप्रकाश यादव एवं कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार की तरफ से हमें यह कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति मिली है जिसके लिए हम उनका धन्यवाद करते है।

### रेवाड़ी में महसूस किए गए भूकंप के झटके, सहमे लोग

**रेवाड़ी।** मंगलवार को रेवाड़ी में करीब तीन बजे दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। धरती के कंपन से आमजन में दहशत फैल गई तथा घबराएं लोग अपने घरों व प्रतिष्ठान से बाहर निकल आए।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर बाद करीब दो बजकर 54 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके दो बार आए। धरती के दो बार कंपन से घरों में छत पर लगे पंखे हिलने लगे तथा अन्य सामान भी आवाज करने लगा। जिसके चलते लोगों में दहशत फैल गई तथा आनन-फानन में लोग अपने घरों तथा प्रतिष्ठान से बाहर निकल पड़े। कुछ समय तक लोगों में घबराहट का माहौल बन गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की त्रीवता 6.2 बताई जा रही है तथा इसका केंद्र नेपाल में बताया गया है।

# बाजरा खरीद पर सरकार की नीयत में खोट: चिरंजीव

## रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने नई अनाज मंडी पहुंचकर बाजरा खरीद का लिया जायजा

**किसानों ने शिकायत की कि टोकन लेने के लिए 20-20 घंटे लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है**



ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने मंगलवार को नई अनाज मंडी पहुंचकर बाजारे की खरीद का जायजा लिया। इस दौरान बाजरा खरीद व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विधायक ने कहा कि उनसे बहुत से किसानों ने शिकायत की कि टोकन लेने के लिए 20-20 घंटे लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। फिर भी किसी को टोकन मिल जाता है और किसी को वापस घर लौटना पड़ रहा है। इतना ही नहीं टोकन काटने के बाद भी किसानों का बाजार नहीं खरीदा जा रहा है। इस बार बाजरे की अच्छी उपज हुई है। लेकिन सरकार किसानों का बाजरा खरीदने को लेकर गंभीर नहीं है। किसान हितैषी होने का झूठा दावा करने वाली गठबंधन सरकार अन्नदाता के साथ अन्याय कर रही है। गुणवत्ता के हिसाब से बाजरा भी अच्छा है। लेकिन सरकार की नियत में खोट है। सैंपल फेल दिखाकर बाजरा खरीद में आनाकानी कर रही है।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि इस बार प्रदेश सरकार ने बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2200 रुपए तथा भावांतर भरपाई के तहत 300 रुपए के बोनस सहित कुल 2500 रुपए प्रति क्विंटल पर बाजरे की खरीद का वायदा किया है। लेकिन किसानों का बाजार मात्र 1900 में खरीदा जा रहा है और जिनका बाजार खरीदा गया है उनको अभी भावांतर की राशि भी नहीं मिली है। भाजपा सरकार ने वायदा किया था 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे जबकि सच्चाई यह है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा। इस बारे में वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सभी बातों से अवगत कराएंगे।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा सरकार ने बाजरे की खरीद पहले से ही देरी से शुरू की है और अभी तक मात्र 30 प्रतिशत बाजार ही खरीदा गया है। 4 दिन तक बाजरे की खरीद नहीं की गई उसके बाद मात्र एक दिन बाजरा खरीद कर आज फिर टोकन नहीं काटे जा रहे हैं। सरसों व गेहूं की बिजाई का समय निकट आ रहा है। किसानों ने विधायक को बताया कि वह ज्यादा दिन फसल अपने घर इसलिए नहीं रोक सकते, क्योंकि उन्हें अगली फसल की बिजाई के लिए भी खाद और बीज बाजार से खरीदना है। अगर वे समय पर अगली फसल की बिजाई नहीं कर पाए तो मुश्किल बढ़ जाएगी।

### बिहार में हुई जातिगत जनगणना का स्वागत

मंडी में उठाव भी धीमी गति से हो रहा है। किसानों की फसल खुले आसमान तले रखी हुई है। यदि ऐसे में बरसात हो जाती है तो सारी फसल खराब हो जाएगी। वही विधायक चिरंजीव राव ने बिहार में हुई जातिगत जनगणना का स्वागत किया है। उन्होंने कहा जाति का जनगणना के बाद अब आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को उनका अधिकार मिल सकेगा। जिस जिस प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है वहां सभी प्रदेशों में जातिगत जनगणना कराई जाएगी और केंद्र सरकार में कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरे देश भर में जातिगत जनगणना होगी।

# साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

**ब्रास मार्केट में चलाए अभियान के दौरान आम नागरिकों, बच्चों, व राहागिरो ने भाग लिया**

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** अक्तूबर को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने की कड़ी में साइबर थाना की टीम ने ब्रास मार्केट में आमजन को साइबर अपराध तथा उससे बचाव की जानकारी दी।

साइबर थाना के एसआई राहुल व उनकी टीम द्वारा ब्रास मार्केट में चलाए अभियान के दौरान आम नागरिकों, बच्चों, व राहागिरो ने भाग लिया। एसआई राहुल ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता, कैडिट-डेबिट कार्ड की जानकारी सांझा ना करे। अपने एटीएम का पासवर्ड, ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे।



किसी भी अनजान व्यक्ति का विडियो काल ना उठाएं।

कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को साईबर अपराधो व धोखधडी करने वालों से बचाना और जागरूक करना है। साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें व वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये।

# चोरी की बाइक सहित एक दबोचा

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** थाना माडल टाऊन पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला नीमका थाना गांव भुरिकुडी ढाणी निवासी शशिकान्त सैनी पुत्र भींवाराम के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है।

जांचकर्ता ने बताया कि राजीव नगर धक्का बस्ती निवासी मुकेश ने अपनी शिकायत में बताया कि गत दो अक्तूबर को करीब डेढ बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर के सामने खडी उसकी बाईक को चोरी करके ले गया।

पुलिस ने मुकेश शिकायत पर थाना माडल टाऊन में चोरी का मामला दर्ज कर मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले में एक आरोपी राजस्थान के जिला नीमकाथाना गाँव भुरिकुडी ढाणी निवासी शशिकान्त सैनी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# सरकार ने की पीपीपी के माध्यम से प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरुआत

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को पेपरलेस, पारदर्शी व सुगम तरीके से सुविधाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से उनके घर द्वार पर पहुंचा रही है। इसी कड़ी में एक कदम ओर आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों के लिए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरुआत की गई है। अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पी.पी.पी. में मौजूद अपने डेटा के आधार पर पात्र पाए जाने पर, अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि एक बार जब किसी नागरिक की जाति व जाति की श्रेणी पीपीपी में सत्यापित हो जाती है, तो वह बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सरल पोर्टल पर अपनी पारिवारिक आईडी डालकर अपेक्षित जाति प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के पीछे सरकार का उद्देश्य लोगों को फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से पी.पी.पी. में नागरिकों की सत्यापित जाति और जाति की श्रेणी के आधार पर सरल पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र पहले से ही जारी किए जा रहे हैं। डीसी ने बताया कि राज्य सरकार ने विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को भी परिवार पहचान पत्र से जोडे र लाभार्थियों को घर बैठे पेंशन देने का काम किया है। सरकार की ओर से वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता के लिए वार्षिक आय की सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए की गई है।

# अलवर से दो बाईक चोर गिरफ्तार

**सूचना के बाद पुलिस ने तुरन्त सुलखा गांव के पास नाकाबन्दी करके आरोपी युवक को काबू कर लिया**

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** एंटी व्हीकल थेप्ट टीम ने राजस्थान के अलवर से चोरी हुई बाइक को बरामद कर मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव नैचाना निवासी संजोग कुमार उर्फ संजू पुत्र भूपसिंह व राजस्थान के जिला अलवर के गांव सोनाब की डूंगरी निवासी आकाश जोगी उर्फ केण्जीण् पुत्र शेर सिंह जोगी के रूप में हुई है।

जांचकर्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक के साथ खंडोडा से भाड़ावास की ओर से आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने तुरन्त सुलखा गांव के पास नाकाबन्दी करके आरोपी युवक को काबू कर लिया। जिसकी पहचान संजोग कुमार उर्फ संजू पुत्र भूपसिंह निवासी गाँव नैचाना के रूप में हुई। पुलिस ने युवक से बाइक के कागजात मांगे तो वह कोई भी कागज पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर पता लगाया तो यह बाइक जिला अलवर के थाना शहर एरिया से चोरी हुई पाई गई। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसने यह बाइक राजस्थान के जिला अलवर के गाँव सोनाब की डूंगरी निवासी आकाश जोगी उर्फ केजी पुत्र शेर सिंह जोगी से खरीदी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना रामपुरा में चोरी का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# 5 को विमुक्त-घुमंतु व 6 को सभी वर्गों के लिए लगाया जाएगा जागरूकता कैंप

**लाभार्थियों के जरूरी दस्तावेजों को पूर्ण करवाने बारे भी जानकारी प्रदान की जाएगी**




ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रदेश सरकार द्वारा कल्याण विभाग के माध्यम से विमुक्त घुमंतु जातियों व सभी वर्गों को सरकार की आरे से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए गुरूवार 5 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय बावल मे विमुक्त घुमंतू श्रेणी व शुक्रवार 6 अक्टूबर को सभी वर्गों के लिए प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मौके पर ही लाभार्थियों के जरूरी दस्तावेजों को पूर्ण करवाने बारे भी जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि वे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया इन कैंप में लाभार्थियों के परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज पूर्ण करवाने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे इन कैंप में विमुक्त घुमंतु जातियों तथा अन्य श्रेणी के आने वाले नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने बारे आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने विमुक्त घुमंतु जातियों व सभी वर्गों से जागरूकता कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** स्वर्गीय धर्मपाल बोहरा की पुण्यतिथि पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परियोजना समन्वयक महेंद्र सिंह खनगवाल ने किया। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं व रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान का कार्य बड़ा ही नेक कार्य है। एक रक्तदाता अपने रक्त से आकस्मिक दुर्घटना व बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति का जीवन बचाता है, जो परोपकार का कार्य है। डिप्टी सीएमओ डा. राजबीर सिंह ने कहा कि थैलेसीमिया एक भयानक बीमारी है, जिसमें पीड़ित बच्चों के शरीर में लाल रक्त कणिकाओं का उत्पादन असामान्य हो जाता है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के शरीर में खून की कमी हो जाती है। जिस कारण उन्हें बार-बार खून की जरूरत पड़ती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला यादव ने विद्यालय के शिक्षक नितिन यादव और जगजीत यादव को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी व विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियां से अतिथियों को अवगत कराया।

## अच्छी खबर

### हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है योजना का क्रियान्वयन

# अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान 'दयालु' योजना

**योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाती है**

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), ऐसे परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि इस योजना के तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है।



डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत एफआईडीआर के अनुरूप सत्यापित 1.80 लाख रुपए वार्षिक तक की आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र निवासियों को मृत्यु/दिव्यांगता के मामले में सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के सदस्यों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दयालु स्कीम का लाभ केवल उन परिवारों को देय होगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक सीमित है।

### 'दयालु' योजना के तहत आयु वर्ग अनुसार दिया गया है लाभ

डीसी ने बताया कि दयालु योजना के तहत विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार लाभ दिया गया है। 6 से 12 वर्ष आयु तक के लिए 1 लाख रुपए, 12 से अधिक व 18 वर्ष तक 2 लाख रुपए 18 से अधिक व 25 वर्ष तक 3 लाख रुपए, 25 से अधिक व 45 वर्ष तक 5 लाख रुपए, 45 से अधिक व 60 वर्ष तक 3 लाख रुपए की राशि दी जाती है। इस लाभ में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) या विभिन्न विभागों द्वारा संबंधित वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि भी शामिल है।

# कोसली विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रखी एक्सटेंशन लेक्चरर्स एसोसिएशन की मांगे

ब्यूरो, भरोसा मित्र

**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मुलाकात कर एक्सटेंशन लेक्चरर्स की लंबित मांगों से अवगत कराते हुए मांगपत्र सौंपा। विधायक ने एक्सटेंशन लेक्चरर्स एसोसिएशन के साथ बैठक का समय दिए जाने की बात भी रखी।



कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने एक्सटेंशन लेक्चरर्स एसोसिएसन का मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही एक्सटेंशन लेक्चरर्स की मांगों को पूरा करने के लिए आठ मार्च 2022 व 19 मई 2023 को एसोसिएशन की बैठक अतिरिक्त प्रधान सचिव आनंदमोहन शरण से उनके कार्यालय में हुई थी। जिसमें लेक्चरर्स की सभी मांगों पर सहमति बन गई थी, लेकिन अभी तक उनकी मांगों को लेकर कोई पत्र जारी नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि एक्सटेंशन लेक्चरर्स 58 साल तक रोजगार सुरक्षा, एचपीएससी की पोस्ट से एक्सटेंशन लेक्चरर्स की रोजगार की सुरक्षा, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी से प्रभावित लेक्चरर्स को बिना डस्प्लेस किए ऑनलाइन ड्राइव से समायोजित करने, एक्सटेंशन लेक्चरर्स को मेडिकल अलाउंस, गेस्ट टीचर्स की तर्ज पर वार्षिक वेतन वृद्धि व महंगाई भत्ता दिए जाने, की प्रमुख मांगे रखी। मुख्यमंत्री ने कोसली विधायक को आश्वासन दिया कि एक्सटेंशन लेक्सरर्स की मांगों का जल्द समाधान कराया जाएगा।

## खबर फटाफट

### बेगपुर में रक्तदान शिविर व बुजुर्ग सम्मान समारोह 5 को

नारनौल। दिवंगत बिमला देवी की पुण्य तिथि पर गांव बेगपुर में 5 अक्टूबर को तृतीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के संयोजक व गांव के सरपंच रणबीर सिंह यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ सामाजिक न्याय मंत्री ओमप्रकाश एडीओं व विधायक सीताराम यादव संयुक्त रूप से करेंगे। सरपंच ने बताया कि इस दिन गांव के बुजुर्गो को भी सम्मानित किया जाएगा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भी भेंट किए जाएंगे। सिविल अस्पताल नारनौल एवं रेडक्रॉस की टीम द्वारा रक्तदान एकत्रित किया जाएगा।

### बाबा शान्ति नाथ मंदिर कमेटी मोहलड़ा में श्रीमदभागवत कथा आज से

नारनौल। बाबा शांति नाथ मंदिर परिसर मोहलडा में श्रीमद् भागवत कथा आज 4 अक्टूबर से आयोजन करवाया जा रहा है। इस अवसर पर गांव की महिलाए कलश और नारियल लेकर मंदिर में आए और कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। उसके बाद 3 बजे तक बाबा शांति नाथ मंदिर मोहलडा में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। यह जानकारी अजीत कुमार ने दी तथा बताया कि पितृ पक्ष में कथा सुनने और करवाने का विशेष महत्व है।

### खाटू वाले का संकीर्तन महोत्सव 5 को

नारनौल। श्री श्याम प्रेमी परिवार, अटेली मण्डी की ओर से 5 अक्टूबर को श्री प्रभु खाटू वाले का संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए धर्मेंद्र ने बताया कि हनुमान मंदिर समीप रेलवे स्टेशन के पीछे होने वाले महोत्सव में मुखय कलाकार साक्षी अग्रवाल जयपुर से, सीकर से बिजेंद्र भार्गव, नारनौल से विकास जागिंड बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। महात्सव में बाबा का अलौकिक श्रृंगार व भव्य दरबार होगा।

### अज्ञात कारणों के चलते कड़बी जलकर राख

**नारनौल।** बीते दिवस छिथरोली रोड के समीप ढाणी वाले खेतों में एकत्रित लगभग 27 एकड़ की कड़बी अज्ञात कारणों के चलते लगी आग के कारण जलकर राख हो गई। इस आगजनी से आधा दर्जन किसानों जिनमे राकेश कुमार पुत्र गजराज सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्र सत्यनारायण, पृथ्वी सिंह पुत्र सत्यनारायण, मोनू पुत्र गुगन, सुभाष पुत्र शैतान सिंह तथा नितेश पुत्र महेंद्र सिंह शामिल हैं कि सैकड़ो मैन कड़बी (पशुचारा) जलकर खाक हो गया।

मौके पर अग्निशमन एवं डायल 112 की टीमों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तबतक सब स्वाह हो चुका था। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से अज्ञात कारणों से लगी आग से नष्ट हुई कड़बी के लिए मुआवजे की मांग करते हुए स्थानीय पुलिस में भी इस घटना की सूचना दी है।

राष्टीय योग प्रतिस्पर्धा में सिहमा के नीरज आर्य ने जीता गोल्ड मेडल

### 60 वर्ष की आयु में सिहमा के सूबेदार कंवर सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

**नारनौल।** हरियाणा के पलवल में सोमवार को हुई राष्टीय योग प्रतिस्पर्धा में सिहमा के नीरज आर्य पुत्र सतपाल सिंह ने गोल्ड मेडल जीतकर जिला महेंद्रगढ़ व सिहमा का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में टाप 5 में 4 चार बच्चों ने पदक जीते हैं। जिसमें दूसरे स्थान पर नैंसी पुत्री सुरेंद्र सिंह, चौथे स्थान पर प्रशांत पुत्र राकेश कुमार, पांचवें स्थान पर निधि पुत्री विजयपाल व साहिल पुत्र सुरेंद्र रहे हैं। वही 60 वर्ष की आयु में सिहमा के रिटायर्ड सूबेदार कंवर सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। योग प्रतिस्पर्धा में जब विजेता बच्चों मंगलवार को जब गांव में प्रवेश किया तब ढोल नगाड़ों के साथ सिहमा की सरपंच सुमन देवी ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज बहुत ही बड़े गर्व की बात है कि पूरे भारत में सिहमा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है। योग एक ऐसी साधना है जिसके माध्यम से आप आत्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से स्वयं को सशक्त कर सकते हैं। योग ने विश्व को योग संगीत नृत्य जैसी अमूल कलाएं दी हैं। आज विश्व के दो अरब से ज्यादा लोग शरीर व मन को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करते हैं। गांव में बड़े स्तर पर योग केंद्र खोला हुआ है जिसमें बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है। जिसका परिणाम आज हम देख रहे हैं। इस मौके पर योग प्रतिस्पर्धा में साथ गए योग चिकित्सक रोहतास आर्य ने बताया कि आज तक की इतिहास में योग में जिला महेंद्रगढ़ के सिहमा गांव को पहला गोल्ड मेडल मिला है। योग करके न सिर्फ शरीर को फीट रखा जा सकता है। बल्कि खुद को शांत भी रखा जा सकता है। इस मौके पर राजेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, बिरेंद्र यादव, सतपाल सिंह, तेजराम, विजयपाल, कालू प्रधान, विक्की, हवा सिंह, ईश्वर सिंह पंच, तेजपाल पंच, नीरज कुमार, अनिल चौकीदार, देवपाल सुनीता देवी, शीला देवी, सुमन देवी के बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित थे।

### झुग्गी झोपडियां के बच्चों के साथ मनाया पूर्व सांसद का जन्मदिन

**नारनौल।** पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का जन्मदिन आज कांग्रेस नेत्री डॉक्टर राज सुनेश ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ मनाया।

इस मौके पर उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक संस्था सलम आर्ट द्वारा इन बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा लिया हुआ है, जो एक सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमें छोटी-मोटी खुशियां इस प्रकार के बच्चों के साथ मिलकर मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने इस क्षेत्र के गरीब व्यक्ति तथा जिला के बॉर्डर तक बसे हुए व्यक्ति तक बिजली, पानी व अन्य सुविधा पहुंचाने का काम किया था। इसलिए ऐसे नेताओं का हमें जन्मदिन अवश्य मानना चाहिए। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी जमीन से जुड़ी हुई नेता है तथा वे हर व्यक्ति को सामान नजरों से देखते हैं। इस मौके पर डा. राज सुनेश के अलावा इंदिरा देवी, संदीप यादव, अभिषेक योगी व दीपक भी थे।

### साइबर जागरूकता अभियान चलाया

**नारनौल।** साइबर थाना की पुलिस टीम ने सुभाष पार्क नारनौल में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत पार्क में मौजूद व्यक्तियों को साइबर अपराधों से संबंधित आवश्यक जानकारियां देकर जागरूक किया, जिससे कि साइबर अपराधों से बचा जा सके। पुलिस द्वारा आमजन, युवाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज साइबर थाना की टीम द्वारा सुभाष पार्क नारनौल में आमजन को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा पासवर्ड या ओटीपी नंबर पूछे जाने पर उसे किसी भी कीमत पर जानकारी न दें अन्यथा आपका खाता खाली हो सकता है।

## सीएम उडऩ दस्ता की टीम ने बाजरे के अवैध स्टॉक पर की छापेमारी

### 950 क्विंटल बाजरा व 150 क्विंटल गेहूं का अवैध स्टॉक मिला

**4 व्यापारियों पर किया हजारों रुपए का जुर्माना**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सोमवार दोपहर बाद के समय मुख्यमंत्री उडऩ् दस्ता टीम ने कनीना की पुरानी अनाज मंडी में बाजरे के अवैध स्टॉक की सूचना मिलने पर छापेमारी की। छापेमारी में टीम ने कई व्यापारियों के पास बाजरे तथा गेहूं का अवैध स्टॉक मिलाने पर कुल 39200 रुपए का जुर्माना ठोका। टीम द्वारा रात्रि 8 बजे तक की गई छापेमारी में चार फर्म रामजीलाल रविंद्र कुमार के गोदाम में 300 क्विंटल बाजरे का अवैध स्टॉक मिला जिस पर मंडी सुपरवाइजर अशोक कुमार द्वारा 7500 का जुर्माना किया। इसी प्रकार मातादीन मिश्रीलाल के गोदाम में 400 क्विंटल बाजरे का अवैध स्टॉक मिला जिस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। रामजीलाल रामकिशन की फार्म से 250 क्विंटल बाजरे का अवैध स्टॉक मिला जिस पर 6300 का जुर्माना किया गया। महावीर प्रसाद मोहनलाल के गोदाम से 150 क्विंटल गेहूं का स्टॉक मिला जिस पर 15400 का जुर्माना किया गया। उडऩ् दस्ता टीम ने बाजरा खरीद का



भौतिक सत्यापन की कार्रवाई शुरू की जो देर रात्रि 8 बजे तक चली। टीम में निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक सचिन कुमार, कर्मपाल सिंह, मंडी सुपरवाइजर अशोक कुमार, सीआईडी के निरीक्षक लीलाराम की टीम शामिल थी। टीम की मौजूदगी में जुर्माना राशि का चेक चारों फार्मों के मालिकों द्वारा मंडी सुपरवाइजर को दिया। इसमें मार्केट कमेटी फीस फीस व जुर्माना राशि शामिल थी प्रशासन के इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

## एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं



**एसडीएम ने करीब 62 समस्याएं सुनी ज्यादातर का मौके पर ही किया समाधान**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। एसडीएम हर्षित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। फिर भी अगर किसी नागरिक को सेवाओं के संबंध में कोई शिकायत है तो वह उनके सामने रख सकता है। एसडीएम आज यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय लगाकर लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। आज लगे कैंप कार्यालय में जिला के नागरिकों ने 62 समस्याएं एसडीएम के समक्ष सुनवाई के लिए रखी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। कोई भी शिकायत आए तो केवल अपने अधीन काम करने वाले कर्मचारियों को फॉरवर्ड करने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। हर कार्य का फॉलोअप करना चाहिए। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डो से संबंधित व कब्जे संबंधित,पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार दयाचंद, कृषि विभाग से गजानंद, पशुपालन विभाग से एसडीओ बलजीत, सहायक अनुसंधान अधिकारी धर्मेंद्र, एसईपीओ अशोक, एसईपीओ कृष्ण पाल, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह, परिवाद लिपिक रामपाल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कार्यकर्ता व इलाके की जनता मेरे लिए भगवान है : श्रुति चौधरी



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। अटेली विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के दिल्ली आवास पर पहुंचकर उनके जन्मदिवस पर बधाई तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की शुभकामनाएं दी तथा आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद बनने की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, पुष्पों की वर्षा और ढोल नगाड़े बजाकर अपने नेता का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल जी की लाडली पोती, स्वर्गीय पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह और हरियाणा की दिग्गज नेता पूर्व मंत्री किरण चौधरी की पुत्री दिल से बड़ी सौम्या जन नेता है जो जाति धर्म से ऊपर उठकर बगैर किसी भेदभाव जनता का काम करने में और विकास करने में विश्वास रखती है। सभी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाओं देने के साथ यह विश्वास दिलाया कि आज आपके जन्म दिवस पर हम सब कार्यकर्ताओं को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई और हम सब एकजुट होकर 2024 में दिल्ली की सबसे बड़ी पंचायत में आपको सांसद बनाकर भेजेंगे। जिस पर श्रुति चौधरी ने पूरे भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं का दिल की गहराइयों से धन्यवाद किया और कहा मेरे कार्यकर्ता और मेरे इलाके की जनता मेरे लिए भगवान है। मैं उनकी सेवा में कभी किसी प्रकार की कमी नहीं आने दूंगी और स्व. बंसीलाल व स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के सपनों के हरियाणा को आगे बढ़ाने का कार्य जीवन भर करती रहूंगी।

## बिजली का करंट लगने से एक की मौत, दो घायल

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में एक बोरिंग मशीन लटकते हुए बिजली के तारों से टच हो गई। इस हादसे में मशीन पर बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि इस हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। इनमें से एक की गंभीर अवस्था के चलते उसे जयपुर रेफर कर दिया गया है।

गांव महरमपुर में बने एक बोर की सफाई करने के लिए चार लोग एक बोरिंग मशीन को ले जा रहे थे। जब मशीन महरमपुर गांव के पास पहुंची तो सुबह के समय अंधेरा होने तथा बिजली के तार नीचे होने के कारण मशीन बिजली के तारों से छू गई। जिसके कारण मशीन में करंट आ गया। मशीन में करंट आ जाने के कारण बोरिंग मशीन की गाड़ी में सवार सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को वहां से जा रहे जोगेंद्र पाल नामक एक व्यक्ति ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं इंद्राज और मेहताब को इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। मेहताब के गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण इलाज



के लिए जयपुर रेफर कर दिया गया। जबकि इंद्राज को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। इस बारे में घायल इंद्राज ने बताया कि यह हादसा बिजली के तार नीचे होने की वजह से हुआ है। उन्होंने बताया कि तार ज्यादा ही नीचे थे। यदि तार ऊपर होते तो यह हादसा नहीं होता।

### विमुक्त एवं घुमंतू जाति के लोगों के लिए लगेगा मेला 5 को

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सरकार द्वारा विमुक्त एवं घुमंतू जाति के लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने तथा उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं व सेवाओं का लाभ देने के लिए खंड सतनाली में 5 अक्टूबर को बीडीपीओ ब्लॉक के प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला अनुसंधान अधिकारी धर्मेंद्र ने बताया कि इसमें घूमंतु एवं विमुक्त जाति के व्यक्तियों को योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपने विभागों की योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उपस्थित रहेंगे।

## तहसील कार्यालय दूर होने के कारण ग्रामीण परेशानी: बलवान



**गांव मांडोला के ग्रामीणों ने समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय बदलवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। मांडोला के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय बदलवाने की मांग को लेकर को समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में एसडीएम हर्षित कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाजसेवी बलवान फौजी ने बताया कि पहले गांव मांडोला की तहसील महेंद्रगढ़ होती थी। लेकिन सतनाली को तहसील बनाए जाने के बाद गांव मांडोला को सतनाली तहसील से जोड़ दिया गया। गांव मांडोला से सतनाली की दूरी करीब 18 किलोमीटर है तथा महेंद्रगढ़ शहर 10 किलोमीटर दूरी हैं। गांव के लोगों को तहसील कार्यालय दूर होने के कारण अनेकों परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। जिन घरों में पुरुष बाहर नौकरी पेशा कर रहे है उन परिवार की महिलाओं को तहसील कार्यालय के कार्य करवाने के लिए अधिक परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि गांव मांडोला से सतनाली के लिए जाने के लिए बसों का अभाव है तथा महेंद्रगढ़ शहर के लिए ग्रामीणों को आसानी से वाहन मिल जाते हैं। इसलिए गांव मांडोला को सतनाली तहसील से हटाकर महेंद्रगढ़ तहसील से जोड़ा जाएं। ताकि ग्रामीण तहसील संबंधित कार्य आसानी से करवा सकें। उन्होंने जिला प्रशासन व सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनके गांव महेंद्रगढ़ तहसील से नहीं जोड़ा गया तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि हंसराज यादव, एडवोकेट रामकरण फौजी, नंबरदार लक्ष्मीनारायण, डॉ. धर्मबीर, बिल्लू व विक्रम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री का पुतला जलाकर काला दिवस मनाया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न किसान व मजदूर संगठनों के कार्यकर्ता एकत्रित हुए तथा काला दिवस मनाया गया। इससे पूर्व लखीमपुर खीरी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से जुलूस के रूप में महावीर चौक पहुंचकर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी का पुतला दहन किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से जिला सचिव डा व्रतपाल सिंह, अभय सिंह, हंसराज, मास्टर सुबे सिंह, यादराम कोरियावास, राम अवतार यादव,शेर सिंह, बंशीधर, भारतीय किसान यूनियन (चढ़ुनी) के जिला प्रधान रंगलाल तंवर, एआईयूटीयूसी के उप प्रधान सीताराम, जिला सचिव छाजूराम रावत, महावीर गोद आदि ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। प्रदर्शन में शामिल किसान मजदूर लखीमपुर खीरी के शहीद किसान अमर रहे, जन आंदोलन में पुलिस दखल पर रोक लगाओ, किसान मजदूर एकता जिंदाबाद, अजय मिश्रा टेनी को गिरफ्तार करो आदि नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा सरकार से पुरजोर मांग करता है कि अजय मिश्रा उर्फ टेनी को सरकार तुरंत गिरफ्तार करें व हत्या से जुड़ी संबंधित धाराओं




में केस दायर करें। परंतु आज तक सरकार ने अजय मिश्रा टेनी को गिरफ्तार करने की बजाय मंत्री पद पर रखा हुआ है, जो कि सरकार के चेहरे को उजागर करता है। जब तक सरकार अजय मिश्रा टेनी को गिरफ्तार नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जल जीवन मिशन के तहत पंप ऑपरेटरों की 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जल जीवन मिशन के अंतर्गत श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जिला महेन्द्रगढ़ के अंतर्गत आने वाले पंप आपरेटरों के लिए पहले बैच का 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.के.एन. पॉलिटैक्निक महाविद्यालय नारनौल में शुरू किया गया। पहले बैच में खंड नारनौल व निमामपुर के 50 पंप आपरेटर को दिया जा रहा है प्रशिक्षण यह जानकारी देते हुए वॉसो के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के ट्रेनर आनंद शर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था के संचालन के तहत पंच संचालन, मोटर, पाइपलाइन फिटिंग संबंधित अन्य तकनीकी जानकारी मुहैया करवाई। उन्होंने बताया कि पहले बैच की यह प्रशिक्षण कार्यशाला लगातार 6 दिन चलेगी। कार्यक्रम में बीआरसी इंद्रजीत व बीआरसी अशोक कुमार ने जल जीवन मिशन की जानकारी प्रदान की। इस मौके बी.के.एन. पॉलिटैक्निक महाविद्यालय नारनौल प्रिंसिपल अनिल कुमार, जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा, प्राध्यापक जोगेन्द्र सिंह,



वर्कशॉप इंस्टक्टर अशोक कुमार, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी अशोक कुमार सहित पंप ऑपरेटर उपस्थित रहे।

**जीत** नवनीत सिंह ने किया नारनौल को नाम रोशन

## नवी सिंह ने जीता मिस्टर इंडिया का खिताब, जाएंगे थाईलैंड

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। मोहल्ला मिश्रवाडा दशमेश नगर निवासी नवनीत सिंह उर्फ नवी सिंह ने नई दिल्ली में बॉडी बिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का खिताब जीतकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अब नवी सिंह आगामी 27 अक्टूबर से थाईलैंड में आयोजित होने वाली मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नवी सिंह की इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने उनको बधाई दी है। नवी सिंह नारनौल की ही जिम में प्रैक्टिस करते हैं। मोहल्ला मिश्रवाडा के रहने वाले 26 वर्षीय नवनीत सिंह नई सराय स्थित हेल्थ मंत्रा जिम में 2 घंटे सुबह तथा 2 घंटे शाम को प्रैक्टिस करते हैं। 2 अक्टूबर को नई दिल्ली के मयूर विहार में बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में देश भर



के अनेक बॉडीबिल्डर ने भाग लिया। नवी सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 5 फुट 7 इंच हाइट से कम वह 5 फुट 7 इंच हाइट से ज्यादा दोनों की ही प्रतियोगिताएं अलग अलग करवाई गई। दोनों ही प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले की फाइनल प्रतियोगिताएं हुई। इस प्रतियोगिता में उसने फिटनेस मॉडल में भाग लिया। उन्होंने बताया कि दोनों हाइट में एक-एक बॉडीबिल्डर का चयन फाइनल में हुआ। इसके बाद फाइनल राउंड में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियंस ऑफ चैंपियन का खिताब जीत मिस्टर इंडिया बने तथा मिस्टर इंडिया का खिताब उन्होंने अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि अब मिस्टर यूनिवर्स के लिए आगामी 27 अक्टूबर से थाईलैंड में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि वहां पर भी यूडब्ल्यूएसएफ में खेलेंगे तथा देश का गौरव बढ़ाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने मिस्टर इंडिया का खिताब हासिल करने पर इसका श्रेय अपने कोच रवि पवार, परिजनों व मित्रों को दिया है।

## रोटरी केयर्स फॉर यू कार्यक्रम के तहत राजवंशी स्कूल दोचाना में वितरित की किट

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। रोटरी क्लब नारनौल सिटी व रोटरी क्लब बेलाज द्वारा स्वच्छता एवं हाइजीन केयर मुहीम चलाई जा रही है। जिसके तहत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में बालिकाओं को स्वच्छता एवं हाइजीन किट वितरित कर उन्हें साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजवंशी स्कूल, दोचाना में रोटरी केयर्स फॉर यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब गुडग़ांव मेट्रोपोलिटन एवं रोटरी क्लब गुडग़ांव के सहयोग से चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम के तहत नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं को स्वच्छता किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का सुंदर संचालन करते हुए रोटरियन पवन गुप्ता ने एक एक कर सभी प्रमुख जनों को स्टेज पर आमंत्रित करते हुए प्रोग्राम को सुंदर स्वरूप प्रदान किया। छात्राओं को स्वच्छता किट देते हुए बेलाज क्लब की प्रधान सारिका गर्ग ने छात्राओं को पर्सनल केयर के लिए हाईजीन प्रोडक्ट विंटर लोशन, विंटर क्रीम एवं सैनेटरी पैड का इस्तेमाल करते हुए स्वच्छता के बारे विस्तार से जानकारी दी। नारनौल सिटी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने रोटरी अभियान की अहमियत एवं रोटरी नारनौल द्वारा संचालित अन्य प्रोजेक्ट्स के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। प्रोजेक्ट इंचार्ज एडवोकेट दिनेश सांखला व रेणु कंवर की देखरेख में छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा समीक्षा ने गुरुजनों का विद्यार्थी जीवन में महत्व बताते हुए बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। विद्यालय के उपप्राचार्य बिशन यादव ने सभी रोटरी क्लब सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब की ओर से विद्यालय चेयरपर्सन रेणु कंवर एवं प्राचार्य दिनेश सांखला व अन्य गणमान्य जनों को सम्मानित किया गया। रोटरी की ओर से डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन एडवोकेट राजकुमार यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## खबर फटाफट

### महिला आयोग द्वारा ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रेनू भाटिया ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा दिनांक 12.10.2023 को सुबह 08.00 बजे से सेक्टर 15 मार्केट फरीदाबाद से सेक्टर-12 स्टेडियम फरीदाबाद तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ÷हरियाणा को ड्रग फ्री बनाना÷ है। उन्होंने लोगों से अपील की इस साइक्लोथॉन में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों व कॉलेज से लड़कियों के आलावा पूरे हरियाणा की महिलाएं भी हरियाणा को नशा मुक्त करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### पत्नी पर करता था शक, गला दबाकर हत्या करने वाला काबू

फरीदाबाद। विगत 19 जुलाई की शाम को त्रिखा कॉलोनी में एक महिला की मृत्यु की सूचना मिली मौके पर पुलिस टीम गई। मौके से साक्ष्य लिए गए। जिस पर कार्रवाई करते हुए महिला का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले किया। मृतका के भाई की शिकायत पर थाना आदर्श नगर में हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले में संज्ञान लेते हुए डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपी की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में शक के आधार पर पत्नी के गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम होशियार सिंह है, आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव जखैरा का, हाल फरीदाबाद की तिरखा कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को पकडने् के लिए लगातार रेड कर रही थी। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम प्रभारी दीपक कुमार, अमर सिंह, विजय कुमार, नरेन्द्र, सन्दीप, रमेश, अनिल, विनीत, सुरेन्द्र ने बल्लबगढ़ तिरखा कॉलोनी के एरिया से काबू किया है। आरोपी को पकडने् के लिए क्राइम टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, बुलन्दशहर, अतरोली, दिल्ली के नांगलोई, नजफगढ़ और फरीदाबाद के कई स्थानों पर लगातार रेड की जा रही थी। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सब्जी का ठेला लगाता है। आरोपी शराब पीने का आदि है। आऱोपी के घर में पत्नी के साथ कई बार लडाई-झगडा होता था। आरोपी को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। जिसको लेकर आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या की वारदात को अनजाम दिया था। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### रैडक्रास सोसायटी ने तपेदिक मरीजों को पोषाहार वितरित किया

**फरीदाबाद।** जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित अन्नदान-महादान मुहिम के तहत रैडक्रॉस भवन सेक्टर 12 में जिला द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर तपेदिक के मरीजों को विशेष पोषाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश रेडक्रास की वाईस चेयरपर्सन श्रीमती सुषमा गुप्ता ने शिरकत की। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित मुहिम को बहुत ही सार्थक बताते हुए तपेदिक के रोगियों से अपील करते हुए कहा कि तपेदिक रोग लाइलाज नही है यदि इसकी पूरी दवाइयों का सेवन पूर्ण रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि तपेदिक के लक्षणों की पहचान करके तत्काल प्रभाव से इलाज बेहद जरूरी है। इस स्थिति में जरूरी ये है कि आप इलाज के साथ अपनी डाइट भी सही करें। उपस्थित आर पी हंस चेयरमैन लोक उत्थान क्लब के द्वारा गरीब महिलाओं को 2 सिलाई मशीन वितरित की तथा सभी तपेदिक रोगियों को विशेष पोषाहार लेने पर बल दिया तथा खाने में उन फल और सब्जियों को शामिल करें जो कि आपको अंदर से सेहतमंद रखें और शरीर की ताकत बढ़ाए। इस मौके पर सुशील, केशव, अरविन्द, बृजमोहन, सतीश बर्मन, प्रेमलाल, अजय, राहुल, नरेंदर, मनदीप, जगन्नाथ, अमन, श्रीमती रुचिका, सुगम, रामकिशोर व अन्य रेडक्रॉस स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया।

### नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्यस्तरीय रैली 15 को

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने किया दावा, रोहतक में पालिका एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की होने वाली आक्रोश रैली में उमड़ेगा जनसैलाब प्रदेश के सफाई, सीवर कर्मचारियों सहित सभी अग्निशमन तथा ग्रुप सी व डी के सभी पक्के, कच्चे व आउटसोर्स के सभी कर्मचारी लेंगे भाग। सरकार की प्राइवेटाइजेशन की नीतियों से नाराज हैं इसलिए इस रैली में भारी संख्या में कर्मचारी शामिल होकर नाराजगी व्यक्त करेंगे। श्री शास्त्री ने आज बीके चौक स्थित नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय में संघ के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता व जिला कोषाध्यक्ष अनिल चिंडालिया द्वारा संचालित जिला कमेटी की मीटिंग को संबोधित करते हुए कही। बैठक में संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के अलावा राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, राज्य उप प्रधान कमला, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह, जिला सचिव युद्धवीर खत्री, वरिष्ठ प्रधान बलबीर सिंह आदि नेता भी उपस्थित रहे। मीटिंग में संघ द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सभी पालिका परिषद निगम अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को रैली में शामिल करने तथा शहर के मुख्य बाजारों कॉलोनी सेक्टर में भाजपा व जजपा की कर्मचारी और समाज न्याय विरोधी नीतियों की पोल खोलने के लिए प्रचार करने समाज के सभी हिस्सों से कर्मचारियों की मांगों एवं उनके आंदोलन के समर्थन में सहयोग करने की अपील करने कॉलोनी व सेक्टर में जनता के तमाम हिस्सों से अपील करने के लिए सभाओं का आयोजन करने का भी फैसला लिया गया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने छटनी का दंश झेल रहे नगर निगम गुरुग्राम के मैन पॉवर के ठेकों में लगे 3480 व कर्मचारी व रोहतक के 500 कर्मचारियों को रदद् कर पिछले 4 माह का वेतन न देने से दुकानदारों ने राशन देना किया, बन्द मकान मालिकों ने भी किराया न देने के कारण मकान खाली करवाने की धमकी दी। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने चेतावनी दी कि यदि 14 अक्टूबर तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो रैली के मंच से संघ करेगा, निर्णायक आंदोलन की घोषणा। उन्होंने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा लगातार आंदोलन व हड़ताल कर रहा है। आंदोलन के दबाव में सरकार ने पालिका कर्मचारियों से 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ताएं की है, इन वार्ताओं में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का प्रथा समाप्त करने अग्निशमन विभाग को शहरिस्तान में निकाय विभाग में पुन÷ शामिल करने 1327 ड्राइवर में फायरमैनो को सृजित पदों पर समायोजित करने सहित अन्य दर्जनों मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन सरकार लगातार पालिका कर्मचारी व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी कर रही है।

# स्लम बस्ती के बच्चों के पुनर्वास लिए लगाया 16वां कैम्पः डीसी

## कैम्प का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को सरकारी सुविधाएं मुहैया करवानाः आनन्द शर्मा

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनंद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में 16वां कैम्प आयोजित किया गया। एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि कैम्प का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच है। उनको लाभ दिलाना और सरकार की मुख्यधारा में शामिल करते हुये। उनके भविष्य के करियर स्कीम बनवाकर उनका सर्वागीण विकास करना है। कैम्प में स्ट्रीट बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र हेल्थ चेकअप, आधार कार्ड, दिव्यांग सर्टिफिकेट, ड्रॉपआउट बच्चों के दाखिले, फैमिली आई डी मौके पर बनाए गए व बनाने के प्रयास किये गए।

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन कैम्पों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाकर उन्हें उपलब्ध कराना रहा है। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया जहाँ इन बच्चों का निश्शुल्क जांच व उपचार किया गया।उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गयी। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद




में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया था। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में उनका दाखिला भी कराया गया तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की गयी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की गयी। कैम्प में सम्बन्धित सभी विभागों में डीपीओ आईसीडीएस, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम फरीदाबाद, श्रम विभाग, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र विभाग ने अपने दायित्वों का पालन किया गया।

### यहाँ लगाए जाएंगे विशेष कैम्प

एडीसी आनन्द शर्मा ने बताया कि 04 अक्तूबर को कपडा कालोनी के सरकारी स्कूल में, 06 अक्टूबर को हरिकेश/ धीरज नगर सिद्धि विनायक कान्वेंट स्कूल, 09 अक्टूबर को राजकीय प्राइमरी स्कूल राजीव नगर,10 अक्टूबर को एकता नगर नजदीक बुढिया नाला राजकीय प्राइमरी स्कूल में कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को आयोजित मेले में 卐एक पहल 卐 कार्यक्रम एसएल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं गरिमा तोमर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के साथ कोर्डिनेशन से कैम्प में बाल कल्याण समिति चेयरमैन श्रीपाल कहराना, महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर श्रीमती सुनीता दहिया व हैल्थ से डॉ सुधीर, डॉ नीरज, एम सी एफ से सतीश कुमार और मालती एडीसी कार्यालय से रविकांत और योगेश ने अपना योगदान दिया।

### कैम्प में ये विभाग रहे भागीदार

कैम्प में निर्धारित सभी विभागों में डीपीओ आईसीडीएस, जिला बाल कल्याण परिषद, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम फरीदाबाद, श्रम विभाग, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र विभाग ने अपने दायित्वों का पालन किया। 65 बच्चों को लाभ पहुंचाया गया।

## गठबंधन सरकार पर साधा निशाना

# भाजपा-जजपा सरकार ने प्रदेश को बर्बादी की खाई में धकेल दिया हैः ऋषिपाल



**हरियाणा में 13 लाख सी-टेट पास युवा है। जिनको रोजगार की उम्मीद दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती,**

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। सरकार ने युवाओं, किसानों और बुजुर्गों को बर्बादी की अंधी खाई में ढकेल दिया है। यह बात हरियणा प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष मास्टर ऋषिपाल ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के दौरान गांव ककड़ीपुर में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल को राज चलाना नहीं आता और उपमुख्यमंत्री अपने घर की आर्थिक हालात अच्छे करने में जुटे हुए है। जबकि हरियाणा के लोगों के आर्थिक हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि आज देश में बेरोजगारी की दर करीब 42 प्रतिशत है। जबकि हरियाणा में यह दर 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 13 लाख सी-टेट पास युवा है। जिनको रोजगार की उम्मीद दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती, किसानों की एमएसपी पर न तो केन्द्र सरकार ने फैसला लिया और न ही हरियाणा सरकार ने। सच्चाई यह है कि किसानों की आय दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है और मण्डियों में भी वह औने-पौने दामों पर अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की हालत भी बहुत पतली है। परिवार पहचान पत्र में सरकारी कर्मचारियों द्वारा गलत आय दिखाने के बाद करीब सात-आठ लाख बुजुर्गों की पैंशन कट गई है। परिवार पहचान पत्र में गलतियों के कारण गरीबों के नाम भी राशन वाली लिस्ट से गायब हो गए। जिससे करीब आठ-नौ लाख लोग प्रभावित हुए है। लोगों ने कभी भी इस तरह की किसान, गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और युवा विरोधी सरकार नहीं देखी। इस सरकार ने विकास के नाम पर हरियाणा का विनाश कर दिया। हरियाणा की जनता तुरन्त इस सरकार से पीछा छुड़ाना चाहती है और एक बड़े बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है।

## सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# आशा वर्करों ने थाली बजाते हुए आक्रोश रैली निकाली

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। हड़ताली आशा वर्करों ने मंगलवार को एनएच 5 में थाली बजाते हुए आक्रोश रैली निकाली। रैली से पूर्व हड़ताली आशा वर्कर नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर एकत्रित हुई और वहां से बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा के आफिस के लिए कूच किया। रैली एनएच 5 की मार्केट से होते हुए केएल मेहता कालेज की रेड लाइट क्रास कर रही थी,उसी समय सीमा त्रिखा के निजी सचिव पहुंचे। आशा वर्करों ने सीमा त्रिखा के नाम संबोधित ज्ञापन उनके निजी सचिव को सौंपा और आवश्यक आगामी कार्यवाही करने की मांग की। निजी सचिव ने आशा वर्करों को आश्वासन दिया कि अगले दो दिन में आशा वर्करों के प्रतिनिधि मंडल से विधायक से मुलाकात करवाई जाएगी। रैली एवं आक्रोश प्रदर्शन की अध्यक्षता रेखा ने की और संचालन अनीता ने किया। प्रदर्शन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर रेखा, सुशीला चौधरी, पूजा गुप्ता, शाहीन प्रवीण, चंद्र प्रभा, नीलम जोशी, सुशीला मलिक भी मौजूद




थे। आशा वर्करों को नगर निगम मुख्यालय पर संबोधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि राज्य की 20 हजार आशा वर्कर, सरकारी कर्मचारी का दर्जा, 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, इंसेंटिव में 50 प्रतिशत कटौती बहाली, ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा देने, रिटायरमेंट उम्र 65 साल करने और रिटायरमेंट पर सम्मानजनक पेंशन व ग्रेज्यूटी देने आदि मांगों को लेकर 8 अगस्त से हड़ताल पर हैं।

# जातिगत जनगणना से ही हर जाति वर्ग को मिलेगा उसका हकः यशपाल नागर

**बोले- कांग्रेस पार्टी ही है ओबीसी वर्ग की सच्ची हितैषी**

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हरियाणा ओबीसी वर्ग के पूर्व प्रदेश चेयरमैन यशपाल नागर ने कहा है कि जब तक देश में जातिगत जनगणना नहीं होगी तब-तक किसी भी जाति वर्ग को सही मायनों में उसका हक नहीं मिल सकता। क्योंकि जबतक यह पता ही नहीं है कि देश में कौन सी जाति कितनी संख्या में है तबतक आप कैसे तय करेंगे कि कौन सी जाति कितनी संख्या में पिछडी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दरसल में भाजपा देश में जातिगत जनगणना कराना ही नहीं चाहती क्योंकि वह जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सासद राहुल गांधी ही देश में पहले ऐसे नेता हैं जो प्रधानमंत्री बनकर जातिगत जनगणना कराकर हर जाति को उसका हक देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी वर्ग के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी ही सही मायनों में ओबीसी वर्ग की हितैषी है।



उन्होंने बिहार में मुख्यमंत्री नितिश कुमार व लालू यादव सरकार द्वारा बिहार प्रदेश में की गई जातिगत जणगणना के लिए उन्हें बधाई दी है। श्री नागर मंगलवार को यहां गावों में आयोजित नुक्कड सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। यशपाल नागर ने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा हमेशा झूठ व जुम्लों की राजनीति करती है लेकिन अब लोग इनकी असलियत हो समझ चुके हैं औ इनके बहकावे में आने वाले नहीं है। प्रदेश की जनता पूर्व के चुनावों में उनके साथ हुए विश्वासघात को भूली नहीं है क्योंकि हरियाणा का जनमानस अपने आप को ठगा सा हुआ महसूस कर रहा है तथा बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस की हवा चल रही है, जो चुनाव आते-आते आंधी में बदल जायेगी। उन्होंने अपने समर्थकों से अभी से चुनाव प्रचार में जुट जाने का आह्वान करे हुए कहा कि वह घर-घर जाकर कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों का प्रचार व प्रसार करें तथा भाजपा गठबंधन सरकार जनविरोधी नीतियों का जनता के समझ उजाकर करें। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि अबकी बार अगर वह सांसद बने तो सबसे पहला कार्य वह दोनों जिलों में औद्योगिकरण को बढ़ावा देते हुए युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराएंगे।

# सत्ता समर्थक पानी माफियाओं के हाथों लुट रही है एनआईटी -86 की जनता- धर्मवीर भड़ाना

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में परिवार जोड़ो अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है और हर रोज सैकड़ो लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में परिवार जोड़ो अभियान चलाया । उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र का कोई एक भी ऐसा घर नहीं है जहां के लोग खरीद कर पानी ना पीते हो । उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पानी माफिया सक्रिय हैं और अधिकतर माफिया



सत्ताधारी पार्टी के हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर गरीबों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रख रही है ताकि सरकार के माफिया जमकर मालामाल हो सके।

# विकसित राष्ट्र के निर्माण में स्वच्छता बहुत महत्वपूर्णः शशांक प्रिय

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्तूब महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत सीजीएसटी विभाग ने रविवार को एन.एच.4 स्थित केन्द्रीय विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। केन्द्रीय माल और सेवाकर विभाग के सैंकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारीगण एकत्रित होकर इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे और स्वयं अपने हाथों से उन्होंने सफाई की। जीएसटी सीबीआईसी मेंबर शशांक प्रिय ने इस मौके पर आए हुए तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्कूल में सफाई करने लिए प्रेरित किया और कहा कि स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें। इस मौके पर पेड़ों की कटिंग एवं छंटाई की गई, पौधे लगाए गए, स्कूल परिसर में पड़े कूड़े को



साफ किया गया और पॉलीथिन एवं अन्य पॉलीबैग को वहां से हटाकर कूड़ेदान में डाला गया। शशांक प्रिया ने कहा कि स्वच्छता की मुहिम लगातार जारी रहनी चाहिए और यह स्वच्छता अभियान 2 अक्तूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण और अगर हमें विकसित राष्ट बनना है तो स्वचछता बहुत महत्वपूर्ण। हम अपने आसपास, अपने घर, कार्यालय एवं मोहल्ले को साफ रखेंगे, तो एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं। श्री शशांक ने कहा कि हमें ई वेस्ट को कूड़ेदान में ही डालना चाहिए और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की जरूरत है। इस मौके पर सीजीएसटी विभाग के चीफ कमिश्नर उपेन्द्र गुप्ता पंचकुला, कमिश्नर सोफिया मार्टिन जॉय, ज्वाइंट कमिश्नर अनुज अग्रवाल, डिप्टी कमिश्नर प्रमोद श्योराण, असिस्टेंट कमिश्नर भगवान सिंह मीणा, जगदीश कुमार, किशन चंद, सुप्रीटेंडेंट हेडक्वार्टर प्रदीप मीणा, कपिल राणा, संजय राय, रोहित चौधरी, मनोज कुमार, विनोद शर्मा, सुमित जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान

## बदलते मौसम में डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों को लेकर सतर्क रहने की जरूरतः आनन्द शर्मा

# डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बिमारियों को लेकर किया जागरूक

**एडीसी ने कहा, बदलते मौसम में मच्छरों की वजह से हो जाती है बीमारियां**

**घरों के आसपास खड़े पानी में डाले मिट्टी का तेल, पेट्रोल अथवा डीजल**

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि बदलते मौसम के दौरान इन दिनों में ज्यादा मच्छर पनपने लगते है, जो डेंगू, मलेरिया सहित अन्य विभिन्न बीमारियों का कारण बन जाते है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में प्रतिवर्ष डेंगू, मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों सहित अनेक बीमारी भी दस्तक दे देती हैं। एडीसी आनन्द शर्मा मंगलवार को



डीसी कार्यालय के बैठक कक्ष में एमसीएफ, जिला विकास एवं पंचायत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिला में डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों के बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दे रहे थे।

### एडीसी ने यह दिए दिशा-निर्देश

फरीदाबाद जिला के शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में एमसीएफ तथा ग्रामीण क्षेत्र की सभी 100 ग्राम पंचायतों में जिला विकास एवं पंचायत विभाग इसके अलावा सभी स्लम बस्तियों में एक सप्ताह के भीतर फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें। मछली पालन विभाग जहां ज्यादा पानी खड़ा होता है, वहां गम्बुजिया मछली का बीज डलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी है कि नागरिक सप्ताह में एक दिन अपने घर में सूखा दिवस मनाएं। साथ ही घर के आस-पास जमा पानी में ट्रैक्टर या मोटरसाइकिल के इंजन से निकला पुराना तेल, पेट्रोल या डीजल भी डाल सकते हैं।

### डेंगू और मलेरिया के बचाव के लिए यह करें

डिप्टी सीएमओ कम् मलेरिया के नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत ने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घरों, गलियों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें। जहां मच्छर ठहरे हुए पानी में अंडा देते हैं, जिससे मलेरिया व डेंगू की बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। बदलते मौसम के कारण नागरिक पानी के सभी बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमले आदि को तुरंत खाली करके सुखाएं, क्योंकि बीमारी फैलाने वाला मच्छर इन्हीं स्थानों पर जमा हुए पानी में पनपता है। बदलते मौसम के चलते लोगों के कूलरों, पुराने टायरों और गमलों में पानी जमा होने के कारण मच्छरों और जल जनित बीमारियों की आशंका बनी रहती है, ऐसे में हमें बीमारियों से बचाव को लेकर सावधानी बरतनी होगी। क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी है, ऐसे में इस पुनीत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वच्छता बनाये रखने के लिए स्वयं के अलावा दूसरे लोगों को प्रेरित करना है। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, उप सीएमओ कम मलेरिया के नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह, रोडवेज के वर्कशॉप प्रबंधक जितेंद्र यादव, बीडीपीओ अजीत सिंह, पीओआई सीडीएस डॉक्टर मंजू श्योराण, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की डॉक्टर संगीता,एचएसवीपी, मछली पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम विधानसभा : जातीय समीकरण बिगाड़ेंगे खेल

## राजनैतिक दलों को टिकट वितरण में जातीय समीकरणों को बैठाना होगा फिट तभी उम्मीदवार होगा हिट

### तेरह बार हुए चुनाव में रिकॉर्ड छह बार कांग्रेस के नाम रही है बाजी, भाजपा तीन बार ही जीत पाई

### चार बार धर्मवीर गाबा की जीत में जातिगत समीकरण ही बने थे सहायक

राजेश कुमार नुगरिया, भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** पंजाब से अलग होकर हरियाणा गठन के बाद से ही गुरुग्राम विधानसभा सीट बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती रही है। इस सीट पर जीत ने उम्मीदवार को हमेशा ही सत्ता का ताज सौंपा है। फिर चाहे बाजी निर्दलीयों के हाथ ही क्यों ना रही हो। इस सीट पर जीत का इतिहास साफ तौर पर यही दर्शाता है कि गुरुग्राम से जीता उम्मीदवार हमेशा ही सत्ता का भागीदार रहा है।

हालांकि इस दौरान दो बार परिसीमन भी हुए लेकिन इसके अस्तित्व पर कोई फर्क नहीं पड़ा। यहां का मतदाता अब तक हुए चुनाव में जातिगत समीकरण को धत्ता बताता रहा है। यह दीगर है कि कांग्रेस के धर्मवीर गाबा इस फैक्टर में अपवाद रहे हैं। लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता की चार बार धर्मवीर गाबा की जीत में जातिगत समीकरण ही सहायक बने हैं।

पंजाबी बाहुल्य इस सीट पर कांग्रेस ने धर्मवीर बाबा पर छह बार दांव लगाया, जिनमें से चार बार जातिगत समीकरणों को साध कर गाबा अपनी चुनावी वैतरनी पार करने में सफल रहे। इस सीट पर चार बार जाट उम्मीदवारों की जीत, तीन बार बनिया उम्मीदवार और दो बार यादव उम्मीदवार की जीत यह साफ तौर पर सिद्ध करती है कि 2014 से पहले तक यहां जातिगत समीकरण कोई खास मायने नहीं रखते थे। लेकिन 2019 के चुनाव ने यह साबित कर दिया कि जातिगत समीकरण साध कर हार जीत का खेल बनाया बिगाड़ा जा सकता है।



### पंजाबी बाहुल्य है सीट

गुरुग्राम विधानसभा को पंजाबी बाहुल्य सीट माना जाता है। गुरुग्राम के विकास से पहले यहां पंजाबियों के साथ जाट और अहीर मतदाताओं की संख्या भी हार जीत का फैसला करने के लिए पर्याप्त होती थी, लेकिन बाहरी आबादी की बढ़ोतरी के साथ ही बदलने लगे। इन सब के बावजूद यह सीट आज भी पंजाबी बहुल्ल ही है। मौजूदा समय इस सीट पर मतदाताओं की संख्या पौने चार लाख के करीब है। इनमें से अकेले पंजाबी समाज की हिस्सेदारी 90 हजार से एक लाख तक है। दूसरे नंबर पर ब्राह्मण और यादव समाज की हिस्सेदारी है। इन दोनों ही समाज के मतदाताओं की संख्या में बहुत लंबा चौड़ा अंतर नहीं है। यहां गौर करने लायक यह भी है कि पंजाबी मतदाताओं के मुकाबले भी ब्राह्मण और यादव मतदाता बहुत ज्यादा काम नहीं है।



### निर्दलीय और भाजपा ने पलटी बाजी

कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाली सीट पर 2005 के बाद निर्दलीयों और भाजपा ने बाजी पलट कर रख दी। 2005 के विधानसभा चुनाव में बगावत कर यहां से मैदान में उतरे निर्दलीय गोपीचंद गहलोत ने पहली बार कांग्रेस के जातिगत समीकरण को आइना दिखा दिया और धर्मवीर गाबा को हर का मुंह देखना पड़ा। 2009 के चुनाव में यहां निर्दलीय सुखबीर कटारिया ने भाजपा और कांग्रेस दोनों की हवा निकाल दी। 2014 में कांग्रेस को जातिगत समीकरणों की हवा निकालने का मुगालता ले डूबा। कांग्रेस ने यहां सुखबीर कटारिया को अपना उम्मीदवार बनाया। भाजपा के उमेश अग्रवाल ने सुखबीर कटरा को चारों खाने चित कर दिया। इस चुनाव में पंजाबी को टिकट न मिलने से खफा कांग्रेस से नाराज पंजाबी मतदाता भाजपा की तरफ रुख कर गए। 2019 के चुनाव में भी कुछ इसी तरह हुआ। भाजपा ने चेहरा बदला, लेकिन कांग्रेस ने चेहरा और जातिगत समीकरण दोनो का तालमेल नहीं बैठाया। इस चुनाव में पहली बार निर्दलीय के तौर पर उतरे पंजाबी समाज के मोहित मदन ग्रोवर 40000 से अधिक मत हासिल कर गए। 2019 में पंजाबी मतदाताओं की संख्या करीब 60000 थी। इससे साफ जाहिर है कि पंजाबी मतदाताओं ने अपने समाज के उम्मीदवार पर ही भरोसा जताना उचित समझा। दुर्भाग्य से उनका यह भरोसा कम नहीं आया और बाजी भाजपा उम्मीदवार सुधीर सिंगला के हाथ लगी। इससे साफ जाहिर होता है कि इस बार का विधानसभा चुनाव जातिगत समीकरण के आधार पर तय होगा। भाजपा या कांग्रेस के साथ किसी भी पार्टी को जातिगत समीकरणों को नजरअंदाज करना भारी पड़ेगा।

### हरियाणा के इतिहास में सबसे अधिक अंतर से जीत का क्षेय भी इसी सीट को हासिल है

दो बार परिसीमन के बाद इस सीट के अस्तित्व पर कोई फर्क नहीं पड़ा लेकिन इस सीट पर वोटर्स की संख्या बढ़ती चली गई। 1967 में जब पहली बार गुरुग्राम विधानसभा सीट पर चुनाव हुए तो यहां वोटर्स की संख्या 56569 थी।जिसमें 41411 वोटर्स ने मत का प्रयोग किया। इस चुनाव में एक खास बात और रही कि इनमें से 2049 मत इंवेलेड पाए गए। जितने वाले प्रत्याशी जनसंघ के प्रताप सिंह ढाकरान को 20792 और दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस के कन्हैया लाल पोसवाल को 16567 वोट मिले। हरियाणा के इतिहास में सबसे अधिक अंतर से जीत भी का क्षेय भी इसी सीट को हांसिल है। जो पिछले चुनाव में बीजेपी के मौजूदा विधायक उमेश अग्रवाल ने 84 हजार 55 के अंतर से जीत हांसिल । लेकिन अब यहां वोटर्स की संख्या बढ़कर तीन लाख 80 हजार के करीब हो गई है। इस दौरान 2009 के परिसीमन में गुडगांव विधानसभा सीट का एक बहुत बड़ा हिस्सा काटकर बादशाहपुर विधानसभा में जोड़ दिया गया। यह इस जिले का दूसरा बड़ा विधानसभा क्षेत्र है। तब के गांव अब शहरी क्षेत्र में तबदील हो गए हैं।

### कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है सीट

इस सीट पर 12 बार चुनाव हुए हैं। जिनमें सबसे अधिक 6 बार 1968,1972, 1982,1991,1996,2005 में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जिनमें चार बार धर्मवीर गाबा, दो बार राव महाबीर सिंह विधायक बने। बीजेपी ने यह सीट सिर्फ तीन बार1987 व 2014 और २०१९ में जीती। बीजेपी के पहले विधायक सीताराम सिंगला जबकि दूसरे विधायक उमेश अग्रवाल रहे। प्रताप सिंह ढाकरान गुडगांव से दो बार 1967 व 1977 में विधायक बने। वे एक बार जनसंघ के चुनाव चिन्ह पर जबकि दूसरी बार जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर विधायक बने। इसके अलावा गोपीचंद गहलोत 2000 में और सुखबीर कटारिया 2009 में निर्दलीय के तौर पर विधायक रह चुके हैं।

---

### सितंबर माह में खरीफ फसलों की खरीद शुरू करने वाला

# हरियाणा बना देश का पहला राज्य

### अभी तक 8.06 लाख मीट्रिक टन धान व 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुगमता से जारी है। अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान तथा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 32 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से फसल खरीद के 690 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा चुका है।मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने खरीफ फसलों की जल्द आवक होने के मद्देनजर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार पहली अक्तूबर की बजाय सितंबर माह में ही खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया था। समय से पहले खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। इसी प्रकार, प्रदेश में 23 सितंबर से आरंभ हुई बाजरे की खरीद के लिए प्रदेश में 93 मंडियां बनाई गई। खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान भारत सरकार द्वारा टीपीडीएस के लिए 1.50 लाख मीट्रिक टन तथा पीएम पोषण के लिए 1 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक हैफेड द्वारा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरा खरीद गया है और 6236 किसानों को 36.82 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। इतना ही नहीं, मक्का की खरीद के लिए भी प्रदेश में 19 मंडियां बनाई गई हैं। इतना ही नहीं, किसानों को मंडियों में अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार ने समुचित प्रबंध किए हैं। मंडियों व खरीद केंद्रों में बेल्स, अन्य आवश्यक सामग्री सहित किसानों के लिए बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं।



### 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का है लक्ष्य

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार किसानों की मांग पर 25 सितंबर को धान की खरीद शुरू की गई थी और इसके लिए प्रदेश में 231 मंडियां बनाई गई। खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 4.83 लाख मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2.49 लाख मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम 74 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस खरीद हेतु 25815 किसानों को तय समयावधि के अंदर-अंदर 653.17 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

---

### रोहतक में किसान नेता का विवादित बयान

# चढूनी बोले, मनोहर लाल अकल से खाली है

### गुरनाम सिंह चढूनी ने फसल खरीद को लेकर मुख्यमंत्री पर कटाक्ष किया है

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। रोहतक में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल अकल से खाली है। उन्हें फसलों की नमी का ज्ञान नहीं है। सरकार किसानों को बांधकर लुटवा रही है। सरकार ने फसल खरीद के लिए खरीददार निर्धारित कर दिए है।अब ये खरीददार ही किसानों को लूटने की शपथ ले रहे हैं, जिनकी वीडियो भी सामने आ रही है। अगर पूरे हरियाणा में कहीं का भी खरीददार फसल खरीद सकेगा तो इसका फायदा किसानों को होगा, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की बदकिस्मती है कि यहां का चुनाव सिस्टम गलत है। पहले अंग्रेजों का राज था, अब राजनीतिक पार्टियों का राज है। ये पार्टियां कंपनी का काम कर रही है जो किसी नालायक आदमी को बैठा देते हैं। चढूनी ने कहा कि अगर मनोहर लाल को चुनाव में जीतना पड़े तो क्या वे जीत पाएंगे?। जिस प्रकार पंचायत का चुनाव डायरेक्ट होता है, उसी प्रकार सीएम का चुनाव भी डायरेक्ट होना चाहिए। अगर ऐसा होता तो मनोहर लाल खटटर की अगली पीढ़ी भी सीएम नहीं बन सकती, खैर अगली पीढ़ी तो उनकी है ही नहीं।



### किसान दिखाएंगे ताकत

चढूनी ने कहा कि 23 नवंबर को किसान रैली करने जा रहे हैं। इसका मकसद किसानों की ताकत को इकट् ठा करना है क्योंकि चुनाव नजदीक है। चुनाव में जातिवाद, धर्मवाद व क्षेत्रवाद के मुद्दे होते है, लेकिन इस बार चाहते हैं कि किसानों की ताकत राजनीतिक पार्टियों को पता लगे और चुनाव का मुद्दा किसानी बने।

---

### हिसार में गाड़ी का शीशा तोड़ 2.52 लाख कैश चोरी

**हिसार।** हिसार में व्यापारी की गाड़ी का शीशा तोड़ कर शातिर चोर दो लाख 52 हजार का कैश चोरी कर ले गए। व्यापारी अपने प्लाट पर गया था। दस मिनट बाद आया तो कार का शीशा टूटा मिला। उसने वारदात की शिकायत सदर थाना पुलिस को की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मारपीट कर युवक के हाथ की हड्डी तोड़ी, 2 भाइयों पर केस



**जींद।** गांव खेड़ी तलोड़ा निवासी राजेश ने पिल्लूखेड़ा थाने में शिकायत देकर बताया कि वीरवार को वह अपने खेत में जा रहा था कि रास्ते में 2 सगे भाइयों सुनील उर्फ डॉन व गोलू ने पुरानी रंजिश को लेकर उसका रास्ता रोक लिया। दोनों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की जिससे उसके बाएं हाथ की हड्डी टूटी है तथा अंदरूनी चोटें आईं।आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। जब वह उलाहना देने आरोपियों के घर गया तो वहां भी उससे गाली-गलौच की गई। आरोपी पहले भी उसके बेटे को कई बार रास्ता रोक कर धमकी दे चुके हैं। थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है।

---

### म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर को फोन पर धमकी देने का मामला

# हरियाणवी सिंगर गुरू साथी सहित गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने हरियाणवी सिंगर मनोज गुरू को साथी समेत गिरफ्तार किया है कम्पनी से बॉन्ड तोड़ने के लिए अपने साथी के साथ मिलकर म्यूजिक कम्पनी के डायरेक्टर को जान से मारने की दी धमकी थी । आरोपियों के कब्जे से कब्जे से 2 फोन व 2 सिम कार्ड बरामद किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 सितम्बर को एक म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर ने थाना सैक्टर-37 में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि 17 सितम्बर को अपने आपको गैंगस्टर काला जठेड़ी का भतीजा बताने वाले दीपक नामक व्यक्ति ने उसको फोन पर हरियाणवी सिंगर गुरु हरियाणवी के साथ आर्टिस्ट बॉन्ड न तोडने़ पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी दीपक व मनोज को सैक्टर 37 स्थित इंडियन गैस गोदाम के निकट से काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मनोज एक हरियाणवी सिंगर है जिसका म्यूजिक कंपनी के साथ 5 साल का बॉन्ड था, जिसके तहत उसको कंपनी की तरफ से कहा गया था कि कंपनी साल में उसके 10-12 गाने निकालेगी तथा उसके स्टेज प्रोग्राम भी करवाएगी, लेकिन म्यूजिक कंपनी ने ऐसा नहीं किया। जिस कारण मनोज ने अपने साथी आरोपी दीपक के साथ मिलकर म्यूजिक कंपनी के डायरेक्टर को करार तोडने़ के लिए कहा और करार नहीं तोडने़ पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी मनोज प्रोग्राम के लिए काला जठेड़ी के भाई के जन्मदिन पर गया था जहां पर उसकी दोस्ती दीपक से हुई थी। आरोपियों के रिकॉर्ड अवलोकन में ज्ञात हुआ कि आरोपी दीपक के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास व शस्त्र अधिनियम के तहत 2 मामले सोनीपत जिले में दर्ज है।



---

# किसान के खेत से ड्रिस्टीब्यूशन ट्रांसफार्मर चोरी होने पर तुरंत दर्ज होगी एफआईआर

### डीजीपी ने प्रदेश के सभी एडीजीपी, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा रेंज अधिकारियों को पत्र लिखकर दिये निर्देश

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए पुलिस विभाग को किसी किसान के खेत से ड्रिस्टीब्यूशन ट्रांसफार्मर की चोरी होने पर थानों में बिना समय गवाएं एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज प्रदेश के सभी एडीजीपी, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा रेंज अधिकारियों को पत्र लिखते हुए मुख्यमंत्री के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान के खेत से डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की चोरी हो जाती है और वह इसकी एफआईआर करवाने के लिए संबंधित एसएचओ के पास जाता है तो संबंधित एसएचओ बिना समय गवाए इस संबंध में एफआईआर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्रिस्टीब्यूशन ट्रांसफार्मरों के चोरी होने उपरांत किसानों को एफआईआर दर्ज करवाने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए ये दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के संज्ञान में आया है कि प्रायः किसान जब ट्रांसफार्मर के चोरी होने की रिपोर्ट लिखवाने पुलिस स्टेशनों में जाते हैं तो उन्हें बिजली विभाग के अधिकारियों के पास इसकी रिपोर्ट करवाने के लिए कहा जाता है, जबकि यह ना तो तर्कसंगत है और ना ही वांछनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी एसएचओ तथा पुलिस चौकी इंचार्ज इस मामले में बिना समय गवाएं एफआईआर दर्ज करना सुनिश्चित करें ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।



---

मांग | हरियाणा में छात्र संघ के चुनाव के लिए जेजेपी ने बनाया भाजपा सरकार पर दबाव

# सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में जेजेपी

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने राज्य में छात्र संघ के चुनाव के लिए सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है। जेजेपी अपनी छात्र विंग इनसो को आगे कर पूरे राज्य में छात्र संघ के चुनाव के लिए माहौल तैयार करने का काम करेगी। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मुलाकात की जाएगी और सभी सांसदों व विधायकों को ज्ञापन देकर सरकार से छात्र संघ के चुनाव कराने का आग्रह किया जायेगा विद्यार्थी सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए राज्यपाल को पोस्टकार्ड भी लिखेंगे। इस पर भी यदि सरकार ने राज्य में छात्र संघ के चुनाव बहाल करने का निर्णय नहीं लिया तो जेजेपी ने अगले विधानसभा सत्र में प्राइवेट मेंबर बिल लाकर विश्वविद्यालयों व कालेजों में छात्र संघ के चुनाव कराने का निर्णय लिया है। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए छात्र संघ के चुनाव बहाल कराने के लिए अपनी पार्टी के छात्र संगठन इनसो द्वारा छेड़े जाने वाले आंदोलन की रूपरेखा साझा की। दिग्विजय ने बताया कि इस मांग को लेकर उनकी पार्टी और इनसो की ओर से हर 15 दिन के अंतराल पर एक मांग पत्र सरकार को भेजा जाता है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। आंदोलन की शुरुआत में सबसे पहला ज्ञापन उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को दिया जाएगा, जो छात्रों की मांग को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे दिग्विजय चौटाला ने बताया कि करीब तीन साल पहले राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों व कालेजों में अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया आरंभ की थी, लेकिन हम इसके पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं। छात्र चाहते हैं कि छात्र संघ के प्रत्यक्ष चुनाव होने चाहियें, ताकि गरीब घरों के युवा भी राजनीति में सामने आ सकें। छात्र संघ के चुनाव कराने का मतलब पूंजीवाद पर बड़ा हमला है। दिग्विजय के अनुसार छात्र संघ के चुनाव की मुहिम को गति देने के लिए वे इनसो अध्यक्ष प्रदीप देसवाल के साथ सभी विश्वविद्यालयों में जायेंगे। लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसदों को दिल्ली में ज्ञापन दिये जाएंगे, ताकि पूरे देश में छात्र संघ के चुनाव बहाल कराये जा सकें। हरियाणा के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन देने की पार्टी की योजना है।




### दुष्यंत दोस्ती का संकल्प कार्यक्रम आरंभ करेगी जेजेपी

जननायक जनता पार्टी युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए राज्य में दुष्यंत दोस्ती का संकल्प अभियान भी चालू करने जा रही है। दिग्विजय चौटाला के अनुसार इस माह चार कार्यक्रम होंगे, जबकि बाकी राज्य में दिसंबर तक कार्यक्रम पूरे कर लिये जाएंगे 21 अक्टूबर को भिवानी, 22 को रेवाड़ी, 26 को जींदऔर 27 अक्टूबर को कैथल में यह कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों में एक बूथ योद्धा कम से कम 10 युवाओं को लेकर पहुंचेगा और उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेगा।

---

# खेती व किसान पर हरियाणा सरकार की नीतियां केंद्रित : रणजीत सिंह

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि किसानों की खुशहाली में ही प्रदेश और राष्ट्र की खुशहाली निहित है और खेती व किसान पर हरियाणा सरकार की नीतियां केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार सिरसा जिला के गांवों में नरमा की फसल में हुए नुकसान का सर्वे करवा कर जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाएगा। ऊर्जा मंत्री आज जिला सिरसा के रानियां हलके के गांवों का दौरा कर सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी के कारण खराब हुई नरमा की फसल का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने गांव पंजुआना, शेखुपुरिया, फतेहपुरिया, जोधपुरिया, खारियां आदि गांवों के खेतों में पहुंच कर नरमे की फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया और कहा कि नुकसान का आंकलन करके उचित मुआवजा दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि फसल नुकसान का ब्यौरा अपलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है, इसलिए किसान अपनी फसल नुकसान का ब्यौरा जल्द से जल्द पोर्टल पर दर्ज करवाएं ताकि उनके नुकसान की भरपाई की जा सके। वर्तमान राज्य सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और हमने पहले भी किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान का मुआवजा देकर उनको आर्थिक सहयोग देने का काम किया है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।